अपनी जिंदगी में अगर वाकई
कुछ हासिल करना है तो
अपने तरीकों को बदलो अपने
इरादों को कभी नहीं

आई.एस.ओ. 9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ ...

हर पल रहें ताजा तरीन खबरों के साथ लॉगिन करें
WWW.yashbharat.co.in

● वर्ष- 15 अंक 263- ● जबलपुर ● बुधवार, 27 अक्टूबर, 2021 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● कार्तिक कृष्ण पक्ष -7 ● विक्रम संवत् 2078 शके 1935

विश्वकप विशेष पृष्ठ 7 पर

## जासूसी पर केंद्र ने नहीं किया खंडन, जांच जरूरी

**नई दिल्ली।** पेगासस जासूसी मामले की स्वतंत्र जांच के लिए सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को आदेश जारी कर दिया है। इसके तहत शीर्ष अदालत ने तीन सदस्यीय विशेषज्ञ कमेटी का गठन कर दिया है। इसकी अध्यक्षता सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश आरवी रवींद्रन करेंगे। इसके अलावा इस कमेटी के अन्य सदस्य आलोक जोशी और संदीप ओबेरॉय होंगे। सुप्रीम कोर्ट ने कमेटी को आरोपों की पूरी तरह से जांच करने और अदालत के समक्ष रिपोर्ट पेश करने के लिए आठ सप्ताह का समय दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि पेगासस की सच्चाई की जांच के लिए कमेटी का गठन किया गया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि निजता के अधिकार के उल्लंघन की जांच होनी चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि भारत के नागरिकों की निगरानी में विदेशी एजेंसी की संलिप्तता एक गंभीर चिंता का विषय है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि इस मुद्दे में केंद्र द्वारा कोई विशेष खंडन नहीं किया गया है, इस प्रकार हमारे पास याचिकाकर्ता की दलीलों को प्रथम दृष्टया स्वीकार करने के अलावा कोई विकल्प नहीं है और हम एक विशेषज्ञ समिति नियुक्त करते हैं जिसका कार्य सर्वोच्च न्यायालय द्वारा देखा जाएगा। मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली तीन जजों की बेंच ने यह आदेश जारी किया। इस बेंच में मुख्य न्यायाधीश एनवी रमन्ना, जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस हिमा कोहली शामिल थे। वहीं पेगासस जासूसी कांड की जांच को लेकर 12 याचिकाएं दायर की गई थीं। इनमें वकील एमएल शर्मा, माकपा सांसद जॉन ब्रिटास, पत्रकार एन राम, पूर्व आईआईएम प्रोफेसर जगदीप चोककर, नरेंद्र मिश्रा, परंजॉय गुहा ठाकुरता, रूपेश कुमार सिंह, एसएनएम आब्दी, पूर्व वित्त मंत्री यशवंत सिन्हा और एडिटर्स गिल्ड ऑफ इंडिया का नाम शामिल है। पेगासस जासूसी मामले को लेकर सुप्रीम कोर्ट में 13 सितंबर को सुनवाई हुई थी। सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार ने साफ कर दिया था कि वह इस मामले में हलफनामा दाखिल नहीं करने जा रही है। सरकार ने कहा था कि यह सार्वजनिक चर्चा का विषय नहीं है, इसलिए हलफनामा दाखिल नहीं कर सकते।



## अलविदा अंशुमान

*आशीष शुक्ला*

## प्रगाढ़ मित्रता की कभी न पूरी होने वाली रिक्तता



*जबलपुर। संस्कारधानी जबलपुर के पत्रकारिता जगत के लिए कल का दिन एक दुखद खबर लेकर आया। लोगों को विश्वास ही नहीं था कि सबके प्रिय पत्रकारिता में अलग मुकाम हासिल करने वाले अंशुमान भार्गव अब हमारे बीच नहीं रहे। अंशुमान का यशभारत परिवार के खास नाता रहा। उन्होंने कभी भी यशभारत को अपने से अलग नहीं समझा । समय -समय पर अखबार की उत्तरोत्तर प्रगति के लिये अंशुमान की सलाह बेहद अहम होती थीं। अंशुमान से हम सब का पारिवारिक नाता रहा। बीमारी से जूझते हुए भी वह अपना कर्तव्य बखूबी निभाते रहे। अंग्रेजी पत्रकारिता की शान अंशुमान से प्रत्येक उदयीमान पत्रकार यह सीख सकता है कि किस तरह भाषाई बेड़ियों को तोड़ कर भी पत्रकारिता में अलग सफल मुकाम हासिल किया जा सकता है। अंग्रेजी दैनिक हितवाद के स्टेट हेड के रूप में अंशुमान भार्गव ने जो जिम्मेदारी निभाई वह किसी व्यक्ति के लिए कर्तव्य की एक मिसाल के समान है इसके बावजूद सामाजिक तथा पारिवारिक दायित्वों का निर्वहन भी उन्होंने बखूबी किया। विगत 21 जून मेरे जन्मदिन पर व्यस्तता के मध्य अंशुमान अपने स्नेह का तोहफा दिया, मुझे ढूंढते वे मेरे पास पहुंच गए, हम लोगों ने भोजन किया, घर वापस आये, यशभारत के नवीन निर्माणाधीन आफिस को देखा, बिटिया को ढेर सारा आशीर्वाद दिया। फोटो खिंचवाई तब उन्होंने कहा था कि अब मै बेहतर हूँ। हम लोग भी इसे लेकर निश्चिंत से हो गए पर विधि को हम से बिछड़ना ही मंजूर था। सोमवार की शाम एक अजीज मित्र खो कर मानों हमारे जीवन में मित्रता की रिक्तता सी आ गई। कल अंशुमान ने नई दिल्ली में अंतिम सांस ली। हम सभी उनके विछोह पर किंकर्तव्यविमूढ़ से हैं। कैसे कोई मित्र इतनी आत्मीयता दिखा कर हमसे अलविदा हो सकता है, यह मानने को दिल मंजूर नहीं कर रहा। सम्पूर्ण यशभारत परिवार इस दुखद खबर पर शोकाकुल है पत्रकारिता में अपना अलग मुकाम हासिल करने वाले अंशुमान भार्गव अंग्रजी दैनिक हितवाद के स्टेट हेड व एडिटर ऑफ गिल्ड के सदस्य थे।*

### फटाफट खबरें



## दीवाली तक होगी JioPhone Next की लॉन्चिंग

**नई दिल्ली।** किफयती स्मार्टफोन JioPhone Next की लॉन्च डेट को लेकर गूगल सीईओ सुंदर पिचाई ने अब बड़ा खुलासा कर दिया है। जिओ नेक्सट का लंबे समय से इंतजार किया जा रहा है। गूगल सीईओ सुंदर पिचाई ने मुकेश अंबानी के ड्रीम प्रोजेक्ट JioPhone Next स्मार्टफोन की लान्चिंग डेट को कंफर्म कर दिया है। सुंदर पिचाई ने कहा है कि भारत में दीपावली तक लॉन्च कर दिया जाएगा। पिचाई ने कहा कि यह लोकलाइज्ड क्षमताओं से लैस होगा।

## अमित शाह बोले: पीएम मोदी देवदूत बनकर आए

**नई दिल्ली।** लोकतंत्र को लेकर तीन दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अपना संबोधन दिया है। उन्होंने कहा कि भारत की आजादी को 75 वर्ष हो गए हैं। जब हम आजाद हुए, हमारे देश की संविधान सभा बनी, संविधान सभा ने मल्टी पार्टी डेमोक्रेटिक सिस्टम को स्वीकार किया। बहुत सोच समझकर स्वीकार किया था जो उचित फैसला था। इस दौरान उन्होंने विपक्ष पर भी निशाना साधा और कहा कि साल 2014 आते-आते देश में राम-राज की परिकल्पना ध्वस्त हो चुकी थी। जनता के मन में ये आशंका थी कि कहीं हमारी बहुपक्षीय लोकतांत्रिक संसदीय व्यवस्था फेल तो नहीं हो गई। लेकिन देश की जनता ने धैर्य से फैसला देते हुए पीएम नरेंद्र मोदी जी को पूर्ण बहुमत के साथ देश का शासन सौंपा और हमारी सरकार उनकी उम्मीद पर खड़ी उतरी।

## छह साल बाद रैली में गरजे लालू, बोले- नीतीश पर हमला

**तारापुर।** बिहार के तारापुर में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव ने राज्य के सीएम नीतीश कुमार पर जमकर निशाना साधा। नीतीश को गले लगाया लेकिन वे काम के नहीं निकले। नीतीश भाजपा में नहीं जाने की बात कहते थे। लालू ने कहा कि उन्होंने सांप्रदायिक ताकतों के आगे कभी हार नहीं मानी। राजद सुप्रीमों ने कहा कि उन्होंने भाजपा से कभी कोई समझौता नहीं किया। लालू ने नीतीश पर हमला बोलते हुए कहा कि उन्होंने (नीतीश) कहा था कि विशेष दर्जा दिलाने वाले का साथ देंगे। बिहार को अब तक विशेष राज्य का दर्जा नहीं मिला। उन्होंने कहा कि तेजस्वी को जनता ने मुख्यमंत्री बनाया था। धोखा देकर उन्होंने सरकार बना ली। बिहार की जनता राजद के साथ है।




## महबूबा संग नाच रहा था दाढ़ी वाला दोस्त

### नवाब का नया आरोप-क्रूज पर मौजूद था वानखेड़े का यह दोस्त, बोले- कहो तो वीडियो जारी कर दूं



**मुंबई।** आर्यन खान ड्रग मामले में एनसीपी नेता नवाब मलिक और एनसीबी अधिकारी समीर वानखेड़े के बीच लड़ाई बढ़ती ही जा रही है। अब नवाब मलिक ने प्रेस कांफ्रेंस कर समीर वानखेड़े पर नया आरोप लगाया है। मलिक ने कहा है कि क्रूज पर वानखेड़े साहब का एक दाढ़ी वाला दोस्त भी मौजूद था, वह अपनी महबूबा के साथ नाच रहा था। उस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। उस दाढ़ी वाले को खोजो, अगर उसका नाम नहीं पता तो मैं अकेले में बताऊंगा। नवाब मलिक ने कहा है कि अंतरराष्ट्रीय ड्रग माफिया समीर वानखेड़े का दोस्त है। वह क्रूज पर मौजूद था, अपनी महबूबा के साथ डांस और पार्टी कर रहा था। कहो तो इसकी वीडियो भी मैं जारी कर दूं।मलिक ने कहा कि क्रूज पर कोई छापेमारी की ही नहीं गई। जो भी तस्वीरें जारी की गईं वो सब समीर वानेखेड़े के केबिन की तस्वीरे हैं।

### दो-चार ग्राम चरस पकड़ कर पब्लिसिटी न बटोरें

एनसीपी नेता ने कहा कि एनसीबी देश से ड्रग को खत्म करना चाहती है। तो वह ड्रग पेडलर को पकड़े, माफियाओं को गिरफ्तार करे। हम सब उसके साथ हैं ओर ड्रग्स को देश से खत्म करने में एजेंसी की मदद करेंगे, दो-चार ग्राम में पब्लिसिटी न हासिल करें। नवाब मलिक को एनसीबी के खिलाफ बोलने से रोकने के लिए याचिका उधर, बंबई उच्च न्यायालय में एक व्यक्ति ने जनहित याचिका दाखिल कर महाराष्ट्र के मंत्री नवाब मलिक को अभिनेता शाहरूख खान के बेटे आर्यन खान से जुड़े मादक पदार्थ के मामले में स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) के खिलाफ कोई टिप्पणी न करने का निर्देश देने का अनुरोध किया है। मंगलवार को जनहित याचिका दाखिल करने वाले कौसर अली ने खुद को मौलवी और नशा करने वालों के पुनर्वास के लिए काम करने वाला व्यक्ति बताया है। अली ने उच्च न्यायालय से मलिक को एनसीबी या आर्यन खान मामले से जुड़ी किसी अन्य जांच एजेंसी और ऐसी एजेंसियों के अधिकारियों के खिलाफ कोई टिप्पणी नहीं करने का निर्देश देने का आग्रह किया है। याचिकाकर्ता का कहना है कि इस तरह की बयानबाजी से जांच एजेंसियों का मनोबल गिरेगा और नशीली दवाओं के उपयोग को बढ़ावा मिलेगा। उच्च न्यायालय ने याचिका पर सुनवाई की तारीख अभी निर्धारित नहीं की है।

### आर्यन खान को आज मिलेगी बेल? या फिर जेल

आर्यन खान की जमानत याचिका पर बॉम्बे हाईकोर्ट में आज (बुधवार) सुनवाई होगी। सुनवाई दोपहर ढाई बजे से शुरू होगी। आर्यन और अरबाज मर्चेंट की जमानत को लेकर मंगलवार बहस पूरी हो गई है। अब आज जमानत अर्जी पर सुनवाई होगी। स्पेशल कोर्ट से जमानत नहीं मिलने पर आर्यन खान ने हाईकोर्ट का रुख किया था। मजिस्ट्रेट अदालत और सेंशस कोर्ट से जमानत याचिका खारिज होने के बाद आर्यन का पक्ष रखने पूर्व अटॉर्नी जनरल मुकुल रोहतगी आगे आए।



## टीव्ही लाइव शो पर शोएब अख्तर की घनघोर बेज्जती

**दुबई।** पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज शोएब अख्तर को लाइव शो में बेइज्जती का सामना करना पड़ा है। पीटीवी स्पोर्ट्स के शो गेम ऑन है के दौरान होस्ट नौमान नियाज ने शोएब के साथ अभद्रता की और उन्हें शो से बाहर जाने को कह दिया। इसके बाद शोएब शो छोड़कर चले गए और सोशल मीडिया पर पूरी घटना बताते हुए अपना दर्द बयां किया। जिस शो में शोएब अख्तर की बेइज्जती की गई, उसमें उनके अलावा सर विवियन रिचर्ड्स और डेविड गोवर जैसे दिग्गज मौजूद थे। शो में पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के मैच के बारे में बात हो रही थी, हालांकि उस समय यह मैच शुरू नहीं हुआ था। इस घटना के कई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। न्यूजीलैंड और पाकिस्तान के मैच से पहले पाकिस्तान के नेशनल टीवी में शोएब अख्तर की बेइज्जती हुई और काफी देर तक ड्रामा चलता रहा। उन्होंने इस शो में पीएसएल टीम लाहौर कलंदर्स को शाहीन अफरीदी और हरीश रऊफ की गेंदबाजी निखारने का श्रेय दिया। हालांकि बाद में शो के होस्ट ने उनके साथ बदसलूकी की और उन्हें शो से जाने को कह दिया।

## मिट्टी के दीये बनाने-बेचने वालों से नहीं ली जाएगी बाजार बैठकी



**भोपाल।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्थानीय और स्वदेशी उत्पाद खरीदकर दीपावली को भव्य बनाने का आह्वान किया। उनकी मंशा छोटे कारोबारियों, निर्माताओं और उत्पादकों को अधिक से अधिक लाभ पहुंचाने की है। इसी क्रम में प्रदेश के कई जिलों के कलेक्टरों ने मंगलवार को दीये बनाने और बेचने वाले शिल्पकारों से बाजार बैठकी नहीं लेने के आदेश जारी किए, ताकि उनकी मेहनत का लाभ सीधे उन तक ही पहुंचे और लोग भी अधिक से अधिक मिट्टी के दीये खरीदकर शिल्पकारों को समृद्धि प्रदान करें। इस संदर्भ में भोपाल कलेक्टर अविनाश लवानिया ने आदेश जारी करते हुए जिला मुख्यालय से लेकर तहसील और गांव स्तर तक शिल्पकारों के उत्पादों जैसे दीयों आदि की बिक्री पर बाजार बैठकी नहीं लेने कहा है, साथ ही बाजार क्षेत्र में उन्हें अलग स्थान उपलब्ध करवाने के भी निर्देश दिए हैं। इस आदेश ने जिले में सभी जगहों पर मिट्टी का सामान विक्रय करने के लिए स्वागत द्वार खोल दिए गए हैं।प्रदेश में सबसे पहले दतिया व मुरैना कलेक्टर ने इस तरह का आदेश जारी किया था। यह आदेश इंटरनेट मीडिया पर वायरल होने के बाद भोपाल, गुना, रीवा, रतलाम, मंदसौर और बैतूल कलेक्टर ने भी इसी आशय के आदेश जारी कर दिए।

## अब नई पार्टी के कैप्टन होंगे अमरिंदर



**चंडीगढ़ ।** पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह कांग्रेस के खफा होने के बाद आखिरकार आज नई पार्टी बनाने का ऐलान कर दिया है। मीडिया से बात करते हुए कैप्टन अमरिंदर सिंह ने आज कहा कि मैं एक पार्टी बना रहा हूं। अब सवाल ये है कि पार्टी का नाम क्या है, ये मैं आपको नहीं बता सकता क्योंकि ये मैं खुद नहीं जानता। जब चुनाव आयोग पार्टी के नाम और चिन्ह को मंजूर करता है, मैं आपको बता दूंगा। पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह ने कहा कि सुरक्षा उपायों को लेकर जो मेरा मखौल उड़ाते हैं, मैं 10 साल सेना में रहा हूं। दूसरी तरफ मैं 9.5 साल पंजाब का गृह मंत्री रहा और संवेदनशील मुद्दे मेरे अधीन थे। जो एक महीने गृह मंत्री रहा वो कहता है कि वो मुझसे ज़्यादा जानता है। कैप्टन अमरिंदर सिंह द्वारा नई पार्टी बनाने का ऐलान करने के बाद से ही पंजाब में विशेषकर चंडीगढ़ में सुबह से ही राजनीतिक हड़कंप मच गया है।

### फ्लाइट में कोरोना पाजिटिव मिली महिला

**इंदौर।** एयर इंडिया की इंदौर से दुबई जाने वाली फ्लाइट में 72 साल की महिला यात्री जांच में कोरोना पाजिटिव पाई गई। साथ में पति भी थे, लेकिन वे निगेटिव मिले।इसके बाद दोनों को दुबई की यात्रा करने से रोक दिया गया और राधा स्वामी सत्संग ब्यास स्थित कोविड केयर सेंटर भेजा गया।

## मध्यप्रदेश में कोरोना के 27 नए प्रकरण, सक्रिय मरीज 100 के करीब




**भोपाल।** प्रदेश में कोरोना संक्रमण के मामले एक बार फिर से बढ़ने लगे हैं। सोमवार को प्रदेश में कोरोना के 27 नए मरीज मिले। कुल 52,182 सैंपल की जांच में इतने संक्रमित मिले हैं। जुलाई के बाद पहली बार एक दिन में इतने मरीज मिले हैं। स्वास्थ्य विभाग द्वारा मंगलवार को जारी हेल्थ बुलेटिन के अनुसार नए मरीजों में इंदौर के नौ, भोपाल के आठ, नरसिंहपुर के पांच, छिंदवाड़ा के दो, धार के दो व सिंगरौली का एक मरीज शामिल हैं। भोपाल में मंगलवार को भी 11 मरीज मिले हैं। इसके साथ ही प्रदेश में अब कुल मरीजों की संख्या 7,92,774 हो गई है। अब तक 10524 मरीजों की मौत इस बीमारी से प्रदेश में हुई है। प्रदेश में सक्रिय मरीजों की संख्या 99 है। सबसे ज्यादा 40 सक्रिय मरीज भोपाल में हैं। गौरतलब है कि इससे एक दिन पहले प्रदेश में कोरोना संक्रमण के आठ नए मामले सामने आए थे। इसके अगले ही दिन यह आंकड़ा तीन गुना से भी अधिक बढ़ गया।

## 6 माह के भीतर पेंटागन पर हमला ?

**नई दिल्ली।** पेंटागन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने मंगलवार को बड़ी जानकारी देते हुए कहा कि अमेरिकी खुफिया एजेंसी को अंदेशा है कि अफगानिस्तान स्थित इस्लामिक स्टेट छह महीने के भीतर अमेरिका पर बड़ा हमला कर सकता है। अमेरिकी रक्षा उच्च सचिव कॉलिन काहल ने कहा है कि अमेरिका भले ही अफगानिस्तान से लौट गया हो लेकिन खतरा अभी टला नहीं है। काहल ने कहा कि तालिबान भले ही अफगानिस्तान में युद्ध जीत लिया हो लेकिन उसे अभी इस्लामिक स्टेट के चुनौती का सामना करना होगा। उन्होंने कहा कि अभी यह आकलन करना मुश्किल है कि तालिबान इस्लामिक स्टेट के आतंक को रोकने में कामयाब हो पाएगा या नहीं। उन्होंने कहा कि अगर आतंकी समूह अफगानिस्तान पर हमला करने की कोशिश करता है तो यह अमेरिका के लिए भी खतरा होगा। उन्होंने कहा कि इस्लामिक स्टेट ऑफ खोरासन और तालिबान एक-दूसरे के दुश्मन हैं। इसलिए तालिबान को संभलकर चलना होगा। इस्लामिक स्टेट के पास कुछ हजार आतंकियों का कैडर है जिसे वह बढ़ाने में जुटे हुए हैं और अमेरिका सहित अन्य देश में अपने कैडर को बढ़ाने में लगे हैं।

### पटना ब्लास्ट के 9 आरोपी दोषी करार, एक रिहा

**पटना।** यहां गांधी मैदान ब्लास्ट मामले में एनआईए की विशेष अदालत ने आज फैसला सुना दिया है। इसके तहत कोर्ट ने 10 में से 9 आरोपियों को दोषी करार दिया है, जबकि एक आरोपी को सबूत के अभाव में बरी कर दिया है। 8 साल पहले आज के ही दिन वर्ष पटना के गांधी मैदान में पीएम मोदी की रैली में सीरियल ब्लास्ट हुए थे।

## बिन बारिश गंगा में बाढ़, कई घाट डूबे



**वाराणसी।** गंगा पहली बार अक्टूबर में उफान पर है। इस कारण कई घाटों का संपर्क टूट गया है। वहीं काशी में आरती स्थल डूब गया है। गंगा के बढ़ते जलस्तर के कारण कानपुर से लेकर वाराणसी तक दहशत बनी हुई है। उत्तराखंड में पहाड़ों पर हुई बरसात का असर भी देखने में आया है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार वाराणसी में मंगलवार से जलस्तर तेजी से बढ़ा। कानपुर में गंगा खतरे के निशान के ऊपर हैं। मंगलवार को 3,64,797 क्यूसेक पानी छोड़ा गया। घाट किनारे रहने वालों में डर पानी बढ़ने के कारण घाट किनारे रहने वालों में डर है। नाविक अपनी नाव को ऊंचे स्थान पर ले जा रहे हैं। वहीं दुकानदार भी अपना सामान सुरक्षित करने में लगे हैं। सोमवार सुबह 8 बजे वाराणसी में गंगा का जलस्तर 63.16 मीटर था। जबकि मंगलवार सुबह 63.58 मीटर रहा। अगले कुछ घंटों में जलस्तर 63.72 मीटर दर्ज किया गया। जल आयोग के अनुसार गंगा का जलस्तर आगे भी बढ़ेगा।

## 672 डाकुओं का सरेंडर कराने वाले सुब्बाराव नहीं रहे



**ग्वालियर।** चंबल के जिन डाकुओं को पकड़ने में अर्जुन सिंह सरकार नाकाम रही ऐसे 672 डकैतों को आत्मसमर्पण के लिए प्रेरित करने और तत्कालीन मुख्यमंत्री के सामने समर्पण करवाने वाले एसएन सुब्बाराव का निधन हो गया। श्री सुब्बाराव भारत के प्रख्यात गांधीवादी विचारक थे। राजस्थान की राजधानी जयपुर में सुबह 6. 00 बजे श्री सुब्बाराव का निधन हुआ। सुब्बाराव ने जौरा में गांधी आश्रम की स्थापना की थी। उन्हें पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित किया था।एसएन सुब्बाराव का पार्थिव शरीर दोपहर 12 बजे जयपुर से मुरैना के लिए रवाना होगा। शाम को 5 बजे मुरैना बैरियर चौराहे पर पहुंचेगा। इसके बाद जौरा स्थित गांधी आश्रम में ले जाया जाएगा। वहां उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। एसएन सुब्बाराव की मुख्य कर्म भूमि मुरैना रही है। यहां उन्होंने सन 1970 के दशक में 672 डाकुओं का सरेंडर कराया था। मध्य प्रदेश के इतिहास में श्री एसएन सुब्बाराव को हमेशा याद किया जाएगा। चंबल में डाकुओं की समस्या तत्कालीन नहीं थी बल्कि पीढ़ियों पुरानी थी। जिन 672 डकैतों ने श्री सुब्बाराव के कहने पर आत्मसमर्पण किया वह सभी खुद को अपराधी नहीं बल्कि बागी कहते थे। डाकू बनने के पीछे सबकी अपनी कहानी थी और हर कहानी के मूल में सरकार का फैलियर था या फिर पुलिस का अत्याचार था। इस तरह के बागियों के मन में सरकार के प्रति विश्वास जगाना और 5000 से ज्यादा लोगों की हत्या कर चुके 672 डाकुओं को सरेंडर के लिए राजी कर लेना निश्चित रूप से वर्ल्ड रिकॉर्ड है।

## सीधी से सतना जा रही बस छुहिया घाटी में पलटी, 36 यात्री घायल

**रीवा।** सीधी से सतना जा रही बस जिले के गोविंदगढ़ थाना अंतर्गत छुहिया घाटी के हनुमान मंदिर के समीप अनियंत्रित होकर पलट गई है। हादसा बुधवार सुबह तकरीबन 10. 30 बजे का बताया जा रहा है। मिली जानकारी में बताया गया है कि बस में 45 यात्री सवार थे जिसमें अनियंत्रित होकर बस पर जाने के कारण 36 यात्री घायल बताए जा रहे हैं। जिन्हें इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को भेजा गया है। जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद सभी को दूसरे वाहन से सतना के लिए रवाना कर दिया गया है जबकि एक महिला की हालत गंभीर बनी हुई है। जिसे इलाज के लिए संजय गांधी अस्पताल रेफर कर दिया गया है। तेज रफ्तार बनी हादसा का कारण- हनुमान मंदिर के समीप टर्निंग होने के कारण तेज रफ्तार बस तकरीबन 20 फीट नीचे खाई में गिर जा गिरी।



## आखिर कब लगाए जाएंगे बसा गांव की रोड किनारे शोल्डर

# जान हथेली पर लेकर हजारों बच्चे जाते हैं स्कूल

**जबलपुर, यशभारत। जेडीए स्कीम नंबर 41 ओंकार प्रसाद तिवारी नगर से लगे बसा गांव को जोड़ने वाली सड़क के किनारे शोल्डर नहीं लगाए जाने के कारण मिट्टी कट गई है जिससे आए दिन वाहन सड़क से उतर रहे हैं और चालकों को चोटें लग रही है। उल्लेखनीय है कि इस मार्ग पर अनेक शैक्षणिक संस्थाएं है और इस क्षेत्र में अनेक कालोनियां भी विकसित हो रही है जिससे मार्ग में यातायात का दबाव बढ़ गया है रोजाना हजारों स्कूली छात्र वाहन लेकर यहां से गुजरते है कई शोल्डर न लगने के कारण हादसे में जख्मी भी हो रहे है इसके बाद भी संबंधित अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं।**

## जिम्मेदार अधिकारी नहीं दे रहे ध्यान

## एक साल पहले हो चुका है शोल्डर ठेका

## घट सकती है बड़ी घटनाएं रोज हो रहे है हादसे

इस क्षेत्र में कॉलोनियों की बसाहट लगातार बढने से जहां दिन प्रति दिन आवागमन बढ़ता जा रहा है, वहीं कछपुरा, गोदाम से माल लोड-अनलोड करके बड़े-बड़े चौपहिया वाहन भी यहां से होते हुए पाटन की ओर जाते है। इसी दौरान विद्यार्थी भी साइकिलों और अन्य दोपहिया वाहनों से आवागमन करते हैं। लेकिन रोड की साइड में शोल्डर नहीं होने के कारण दस फीट चौड़ी सड़क के दोनों किनारों की मिट्टी निकलने से आए दिन वाहन सड़क से उतर कर सीधे खेत में समा जाते है। जिसके चलते कई लोग इस कारण से वाहन समेत गिर कर घायल भी हो चुके हैं।



### 10 फीट में सिमट गई सड़क

क्षेत्र में बसा गांव के आस—पास विकास होने से सड़क निर्माण भी हुआ है। लेकिन दुर्भाग्य यह है कि सड़क चालीस फिट चौड़ी स्वीकृत हुई है, मगर ना जाने किन कारणों से इसे 10 फिट चौड़ी रोड में समेट दिया गया है। जिसके चलते शोल्डर ना होने से इस मार्ग में खेत होने के कारण वाहन सड़क से उतर कर सीधे खेत में घुस रहे हैं। ऐसे में किसी भी दिन कोई बड़ा हादसा हो सकता है। बताया जाता है कि इस बारे में संबंधित विभाग को जानकारी होने के बाद भी अनदेखी की जा रही है। अधिकारी इस सड़क के किनारे शोल्डर लगाने को लेकर संजीदा नहीं है। जबकि पहले ही इस कार्य का ठेका हो चुका है। पर जिसे ठेका दिया गया है वह भी न जाने क्यों काम शुरू नहीं कर रहा हैं। क्षेत्रीय लोगों के अनुसार जानकारी मिली है कि जिस ठेकेदार को सड़क निर्माण कर ठेका मिला है, उसके अभी तक पूर्व के भुगतान रुके हुए है। जिसके कारण ठेकेदार सड़क बनाने में रुचि नहीं ले रहा है।

### रोज हो रहे हादसे

उल्लेखनीय है कि अब इस सड़क से रोजाना सुबह—शाम सैर करने युवा व बुजुर्गों के साथ ही कार्यालयों के लिए नागरिकों की आवाजाही होती है। इस सड़क के गड्ढों के आस—पास गिट्टी व रेत जमा होने से रोज कोई न कोई फिसलकर गिरने से घायल भी होता रहता है। लेकिन लगता है संबंधित अधिकारी और विभाग किसी बड़े हादसे के इंतजार में हैं। जबकि सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि हजारों नौनिहाल यहां से अपना भविष्य बनाने के लिए स्कूल आते-जाते हैं। जिसके चलते सड़क का निर्माण भी कराया गया था। शोल्डर भी लगाए गए। इसके बाद सिर्फ समय गुजरता गया, लेकिन इस सड़क का रखरखाव नहीं किया। परिणाम स्वरुप अब छोटे-छोटे हादसों के रुप में कई मामले सामने आ चुके हैं। जिम्मेदार अधिकारियों से अपेक्षा है कि कम से कम वे विद्यार्थियों की तकलीफों को देखते हुए जल्द से जल्द सड़क का चौड़ीकरण और नवीनीकरण कराएं। ताकि भविष्य में कोई बड़ी अनहोनी को ना होने पाए। इस मामले में पीडब्ल्यूडी के जिम्मेदार अधिकारी से संपर्क साधा गया तो उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया।



**5 शैक्षणिक संस्थाओं के हजारों विद्यार्थी कब तक बसा गांव तक सड़क किनारे रोज हो रहे हादसे फिर भी की जा रही अनदेखी**

---

## मौसमी बुखारनहीं छोड़ रहा पीछा

# डेंगू भी कर रहा बीमार

जबलपुर। डेंगू मरीजों की संख्या में आई कमी के बावजूद मौसमी बुखार पीछा नहीं छोड़ रहा है। चिकित्सकों के औषधालय से लेकर अस्पतालों तक बुखार के मरीजों की भीड़ बरकरार है। रोजाना औसत 400 से ज्यादा बुखार के मरीज चिकित्सीय परामर्श लेने पहुंच रहे हैं। पिछले कुछ दिनों में डेंगू के मरीजों की संख्या में आई कमी के बावजूद जिले में अब तक 722 लोगों को डेंगू के मच्छर डंक मार चुके हैं। लाखों की आबादी वाले जिले में रोजाना डेंगू का सिर्फ ती चार नये मरीज सामने आ रहे हैं। चिकित्सकों का कहना है कि मच्छरों से बचाव के प्रति जागरुकता के कारण डेंगू का प्रकोप कम हुआ है। परंतु मौसम में बदलाव के कारण मौसमी बुखार का खतरा अभी बना हुआ है। बच्चे शीघ्रता से इस बुखार की चपेट में आ रहे हैं। वायरल, टाइफाइड, चिकनगुनिया के मरीज भी सामने आ रहे हैं।



विशेषज्ञों का कहना है कि डेंगू के कारण से हाथ पैर व मुंह लाल हो जाता है और सूजन आ जाती है। इससे दिल की धड़कन बढ़ जाती है। डेंगू मरीजों में बीपी की शिकायत पाई जा रही है। डेंगू से कई लोगों को दीपावली का त्योहार फीका हो सकता है।

### प्लेटलेट्स पर रख रहे नजर

डेंगू का खतरा कम होने के बाद भी पैथालाजी केंद्रों में मरीजों की भीड़ देखी जा रही है। दरअसल, लोग डेंगू से इतने भयभीत हैं कि बुखार होने पर प्लेटलेट्स की जांच कराने पैथालाजी केंद्र पहुंच जाते हैं। इधर, चिकित्सक भी बुखार के मरीजों की सीबीसी जांच पर जोर दे रहे हैं ताकि रक्त में प्लेटलेट्स की मात्रा पर नजर रखी जा सके। विक्टोरिया अस्पताल के भेषज विशेषज्ञ डा. संदीप भगत ने बताया कि गत माह की तुलना में डेंगू का खतरा कम हुआ है। वायरल बुखार के मरीज अस्पताल में उपचार कराने पहुंच रहे हैं। हालांकि उनकी संख्या में भी कमी देखी जा रही है। डा. भगत ने कहा कि बुखार होने पर रक्त में प्लेटलेट्स की मात्रा गिरने की संभावना रहती है। इसलिए बुखार के मरीजों की प्लेटलेट्स की जांच कराई जाती है।

### घर-घर सर्वे जारी

जिला मलेरिया अधिकारी डा. राकेश पहारिया ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा डेंगू की रोकथाम के लिए अभियान चलाया जा रहा है। घर-घर पहुंचकर स्वास्थ्य कर्मचारी लोगों को लार्वा विनष्टीकरण के प्रति जागरुक कर बुखार के मरीजों की खोज कर रहे हैं। डा. पहारिया ने कहा कि इस माह डेंगू से बड़ी राहत मिली है। अन्य कारणों से होने वाले बुखार के मरीजों संख्या भी धीरे-धीरे कम हो रही है। उन्होंने कहा कि मौसम में बदलाव के दौराना बच्चों की सेहत का ध्यान रखना आवश्यक है।

## पाटन के स्व-सहायता समूहों को ढाई करोड़ के ऋण स्वीकृति पत्र वितरित

**जबलपुर।** आजादी के अमृत महोत्सव के तहत पाटन में क्रेडिट आउटरीच कार्यक्रम के अंतर्गत यूनियन बैंक पाटन वं सभी शाखाओं के समन्वय से मेगा कैम्प का आयोजन किया गया। इस दौरान करीब ढाई करोड़ रुपये के ऋण स्वीकृत पत्र प्रदान किये गये। इसमें आजीविका मिशन के 34 समूहों को एक करोड़ 7 लाख रुपये एवं व्यक्तिगत प्रकरणों में एक करोड़ 45 लाख रुपये के वितरित ऋण स्वीकृत पत्र शामिल हैं। कार्यक्रम में ठाकुर उदयभान सिंह, सविता शत्रुघन, आंनद मोहन पलहा, राजेश वाली उप मुख्य महाप्रबंधक अंचल कार्यालय भोपाल, उप क्षेत्रीय प्रबंधक जबलपुर सज्जन कुमार, जनपद पंचायत के सीईओ



अश्वनी पाठक, मुख्य नगर परिषद अधिकारी नीलम चौहान, सरिता त्रिपाठी जिला प्रबंधक आजीविका मिशन, दीपक कुशवाहा विकासखण्ड प्रबंधक, रवि गंगराडे शाखा प्रबंधक यूनियन बैंक, राकेश ब्रम्हने सहायक प्रबंधक यूनियन बैंक, एवं समस्त पाटन क्षेत्र के बैंक स्टाफ एवं जनपद पंचायत का स्टाफ उपस्थित रहा।

## प्रांतीय सम्मेलन भोपाल में 20 नवम्बर को

**जबलपुर।** यूनाइटेड फोरम फार पावर एम्पलाइज एंड इंजीनियर्स के प्रदेश संयोजक व्हीकेएस परिहार की अध्यक्षता वीडियो कान्फ्रेंस के जरिए बैठक हुई। जिसमें निर्णय हुआ कि आगामी 20 नवम्बर को यूनाइटेड फोरम का प्रांतीय सम्मेलन भोपाल में होगा। इसमें प्रदेश की सभी इकाई के सभी वर्गों के अधिकारी कर्मचारी सम्मेलन शामिल होंगे। इस दौरान संगठन के सभी सदस्य 18 सूत्रीय मांग पत्र का समर्थन करेंगे। उपरोक्त जानकारी पूर्व क्षेत्र कंपनी संयोजक नीलाभ श्रीवास्तव ने दी। इस अवसर पर जबलपुर के जिला संयोजक एसके पचौरी, हिमांशु अग्रवाल, जुबेर खान, बृजमोहन विश्वकर्मा, अवधेश दीक्षित आदि उपस्थित रहे।

### दीपावली पूर्व बोनस वेतन के आदेश जारी

## सुरक्षा निर्माणियों मे कर्मचारियों ने महसूस की राहत

**जबलपुर यशभारत।** निगम में तब्दील हुई सुरक्षा निर्माणियों के कर्मचारियों के लिए बोनस की स्वीकृति प्रदान कर दी गई है।जिसके आदेश वित्त मंत्रालय के खर्च विभाग ने कल मंगलवार को जारी कर दिये हैं।इसी के साथ औद्योगिक कर्मचारियों को भी दीपावली के एक दिन पूर्व यानी3नवम्बर को वेतन भी दे दिया जाएगा।उल्लेखनीय है कि आयुध निर्माणी बोर्ड ने वर्ष2020-21के लिए उत्पादकता आधारित बोनस36दिन की सिफारिश दशहरा पूर्व की थी। पूर्व में कर्मचारियों को दशहरा पूर्व बोनस मिल जाता था।लेकिन इस बार नहीं मिला।जबकि इसके बाद रेलवे और अन्य सरकारी संस्थानों में 30दिन का गैर उत्पादता आधारित बोनस घोषित किया गया और दशहरा पूर्व इसे वितरित कर दिया गया।इससे निगमों मे तब्दील हुई आयुध निर्माणियों के कर्मचारियों मे संशय व्याप्त हो गया था कि इस वर्ष बोनस मिलेगा कि नहीं।लेकिन मंगलवार को वित्त मंत्रालय ने इसकी मंजूरी दे दी।

## मछली मार्केट में हुये उपद्रव में निर्दोषों पर कार्यवाही का विरोध, कांग्रेस ने दिया एसपी को ज्ञापन

**जबलपुर।** नगर कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष मो. आमीन कुरैशी ने एसपी को एक ज्ञापन दिया जिसमें उन्होंने ईद मिलादुन्नबी के दिन मछली मार्केट में हुये उपद्रव में दोषियों पर कार्यवाही की बात कही और पर निर्दोषों पर कार्यवाही न कि जाये, इस घटना से समाज में दहशत का मौहाल है। ज्ञापन देते वक्त मौजूद थे हाजी गुलाम भूरे पहलवान, हाजी कदीर सोनी, मतीन अंसारी, आमीन कुरैशी ताहीर खान ,आजम अली खान, ताहिर अली, राजू लईक , अख्तर अंसारी, इस्तियाक अंसारी, अशरफ मंसूरी , रफीक पहलवान , शाकिर कुरैशी, इरशाद गुड्डू राईन , तौफीक चंकी, जानी खान , आरिफ पहलवान, मुन्ना बाबू, शहजाद पहलवान, ताहिर खान, कलीम खान , तोशिफ चंकी , राजू भाई , मोहमम्द शाहिद , निहाल मंसूरी , गॉस बाबू , मुख्तार बाबा , यावर चौधरी, मुख्तार अली , आजम शकील आदि मौजूद थे।



## हमारे उत्पाद टी एन टी और आर डी एक्स विश्व स्तरीय

# ओ एफ के मे सी एम डी ने की यूनियन एसोसिएशनों से चर्चा

**जबलपुर यशभारत।** म्यूनिशन इंडिया लिमिटेड मे शामिल आयुध निर्माणियों के उत्पाद विश्व स्तरीय गुणवत्ता के हैं।विस्फोटक टी एन टी और आर डी एक्स का उत्पादन एशिया में हमारे अलावा चीन अकेला करता है।लेकिन हमारे उत्पादों की कोई बराबरी नहीं कर सकता है।हमारी सेना के साथ विश्व के कई देश हमसे उत्पाद लेने इच्छुक हैं।इसलिये जरूरत इस बात की है कि हम पूरी क्षमता और समर्पण के साथ काम करें।हमारे पास उत्पादन लक्ष्य की कमी नहीं है।उक्त विचार म्यूनिशन इंडिया लिमिटेड के सी एम डी रविकांत ने यूनियनों और एसोसियेशनो के पदाधिकारियों से व्यक्त किए।

इस मौके पर लेबर यूनियन के पुष्पेंद्र सिंह अर्नव दास गुप्ता सुरक्षा कर्मचारी यूनियन के अरुण दुबे अमित सिंह अखिलेश पटेल कामगार यूनियन के रूपेश पाठक राजेंद्र चराड़िया अराजपत्रित अधिकारी एसोसिएशन के अजय चौहान सत्येंद्र सिंह अजय यादव डी सी पांडे राजपत्रित अधिकारी एसोसिएशन के बी बी ओझा भानुप्रताप सिंह और सरोज विस्वाल आदि उपस्थित थे।सभी प्रतिनिधियों नेनिर्माणी में वर्क लोड की स्थिति पर चिंता विभिन्न प्रशासनिक न्यायाधिकरण द्वारा पारित किये गए न्याय निर्णय लागू करने एवं लंबित अनुशासनात्मक प्रकरणों का निपटारा शीघ्र करने की मांग की।निगमीकरण के बाद कर्मचारियों में व्याप्त तनाव एवं असुरक्षा के वातावरण को दूर करने पदोन्नति आदि की मांगो को रखा।इस दौरान तीनों यूनियनों ने ज्ञापन सौंपे।राजपत्रित अधिकारी एसोसिएशन की ओर से उत्पादन की समय पर आपूर्ति गुणवत्ता और लागत मे कमी लाने के सुझाव रखे।चूंकि सी एम डी नियुक्त होने के पहले रविकांत यहां जी एम थे।अत: उन्होंने खुल कर कहा कि वे यहां की स्थिति से पूर्ण वाकिफ हैं।यहां की कार्य दक्षता से वे परिचित हैं अत: उन्होंने कहा कि आप चिंता न करें यहां भरपूर काम मिलेगा।जिससे न केवल भारतीय सेनाओं को अपितु विश्व के अन्य देशों को भी हम अपने उत्पाद निर्यात करेंगे।



इसके एक दिन पूर्व सभी विभागों के प्रमुखों से चर्चा कर उत्पादन गतिविधियों की जानकारी ली।रविकांत ने विभाग प्रमुखों को निर्देश दिए कि उत्पादन में किसी भी प्रकार का अवरोध न हो।जो भी कच्चा माल वांछित है उसकी शीघ्रता से आपूर्ति की जायेगी।खमरिया अभी एशिया की सर्वश्रेष्ठ आयुध निर्माणी है।इसे विश्व स्तरीय रूप देना है।क्योंकि न केवल एशिया अपितु यूरोपीय देशों में खमरिया के उत्पादों के प्रति खासी रुचि है।

# जीआईएफ में सतर्कता जागृति सप्ताह शुरू



### महाप्रबंधक ने दिलाई भ्रष्टाचार उन्मूलन की शपथ

जबलपुर । भारत सरकार के रक्षा मंत्रालय के उद्गम यंत्र इंडिया लिमिटेड ग्रे आयरन फाउंड्री में 26 अक्टूबर से 2 नवंबर तक सतर्कता जागृति सप्ताह मनाया जा रहा है, कार्यक्रम के आरंभ में महाप्रबंधक अजय सिंह ने अधिकारियों व कर्मचारियों को भ्रष्टाचार उन्मूलन की शपथ दिलाकर आव्हान किया है कि सभी सदैव पारदर्शिता सत्यनिष्ठा के उच्चतम मानकों के प्रति वचनबद्ध होकर कार्य करें. प्रशासनिक अधिकारी नित्येश शर्मा ने कहा कि केंद्रीय सतर्कता आयोग के दिशा निर्देशानुसार इस वर्ष भी सतर्कता जागृति सप्ताह मनाया जा रहा है। जीआईएफ में कर्मचारियों,अधिकारियों के बीच सतर्कता जागरूकता हेतु निबंध लेखन भाषण एवं नारा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।सहायक जनसंपर्क अधिकारी अनिल शुक्ला ने बताया कि प्रतियोगिताओं में सफल कर्मचारियों को समापन समारोह में महाप्रबंधक अजय सिंह द्वारा पुरस्कृत किया जावेगा।

# रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक पटाखा प्रतिबंधित

## दीवाली को लेकर जिला दण्डाधिकारी एवं कलेक्टर श्री शर्मा ने जारी किया आदेश

**जबलपुर।** जिला दण्डाधिकारी एवं कलेक्टर कर्मवीर शर्मा ने दीपावली पर्व के अवसर पर उपखण्ड मजिस्ट्रेट व कार्यपालिक मजिस्ट्रेट तथा पुलिस अधिकारियों को आपस में समन्वय बनाकर जिले में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाने के निर्देश दिये हैं। कलेक्टर श्री शर्मा ने आज इस संबंध में आदेश जारी कर कहा है कि जिले में धारा 144 प्रभावशील है, इसलिये रात्रि 10 बजे से प्रात 6 बजे तक किसी भी प्रकार का पटाखा एवं ध्वनि विस्तारक यंत्र का उपयोग नहीं किया जाना सुनिश्चित कराया जाये। कलेक्टर श्री शर्मा द्वारा मंगलवार को जारी आदेश में कहा गया है कि सभी उपखण्ड मजिस्ट्रेट, कार्यपालिक मजिस्ट्रेट अपने-अपने क्षेत्र की सभी पटाखा भण्डारण व विक्रय स्थलों का निरीक्षण करें। साथ ही यह सुनिश्चित करें कि आपदा की स्थिति में स्थलों पर अग्निशमन यंत्र, पानी के टेंकर्स, बालटियों में रेत आदि मौके पर उपलब्ध रहे। पटाखा विक्रय स्थलों में प्रत्येक दुकान टीन शेड युक्त हो, दुकान के मध्य एवं आमने-सामने पर्याप्त अंतर रहे। पटाखा दुकान स्थल बिजली के तार के नीचे न लगाई जाये। पटाखा दुकान में अस्थाई बिजली कनेक्शन के तार खुले न हों। पटाखा दुकान बस्ती, बसाहट क्षेत्र, स्कूल आदि के पास न हो। पटाखा लायसेंस में चिन्हित स्थल पर ही पटाखा दुकान लगाई जाये। कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिया है कि ऐसी पटाखा दुकानें जिनकी अनुमति जारी नहीं हुई हैं, उनको हटाकर उनके विरूद्ध तत्काल दण्डात्मक कार्यवाही की जाये। जिले में धारा 144 प्रभावशील है। इसलिये रात्रि 10 बजे से प्रात 6 बजे तक किसी भी प्रकार के पटाखा एवं ध्वनि विस्तारक यंत्र का उपयोग नहीं किया जाये। सभी अपर जिला मजिस्ट्रेट को निर्देशित किया गया है कि वे अपने-अपने क्षेत्र के अंतर्गत पर्यवेक्षण करें। आयुध निर्माणी डिपो के सौ मीटर एल.पी.जी फिलिंग स्टेशन व पेट्रोलियम डिपो के दो किलोमीटर की परिधि में पटाखा छोड़ना व आतिशबाजी प्रतिबंधितजिला दंडाधिकारी एवं कलेक्टर कर्मवीर शर्मा ने दीपावली पर्व के अवसर पर किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना रोकने तथा लोक व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आयुध निर्माणी डिपो और आसपास के 100 मीटर परिधि में पटाखा छो ?ने और आतिशबाजी पर प्रतिबंध लगाया है। कलेक्टर श्री शर्मा ने इस संबंध में आज एक आदेश जारी कर इस क्षेत्र में आतिशबाजी और पटाखा छोड़ने पर संबंधित के विरूद्ध कानूनी कार्यवाही के निर्देश दिये हैं। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी कर्मवीर शर्मा ने शहपुरा भिटौनी में स्थित एलपीजी फिलिंग स्टेशन तथा पेट्रोलियम की बल्क डिपो की दो किलोमीटर की परिधि के अंदर तथा जिले के भीतर पेट्रोलियम पदार्थ एवं एलपीजी भंडारण एवं संग्रहण के समस्त केन्द्रों के दो किलोमीटर परिधि के अंदर पटाखा छो ?ने और आतिशबाजी करने पर प्रतिबंध लगा दिया है। कलेक्टर श्री शर्मा ने दीपावली के पर्व के अवसर पर किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना को टालने तथा लोक व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आज मंगलवार को प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया है। यह आदेश 16 नवम्बर तक प्रभावसील रहेगा। प्रतिबंधात्मक आदेश का उल्लंघन करने वाले व्यक्तियों के विरूद्ध भारतीय दंड विधान की धारा 188 के अंतर्गत कार्यवाही की जायेगी।





# अपने कर्तव्य का पालन पूर्ण निष्ठा, ईमानदारी से करेंगे

### महाप्रबंधक ने पमरे मुख्यालय प्रांगण में शपथ दिलाई गई

**जबलपुर यश भारत।** पश्चिम मध्य रेल, मुख्यालय में महाप्रबंधक सुधीर कुमार गुप्ता ने अपर महाप्रबंधक शोभन चौधुरी एवं मुख्यालय के प्रमुख विभागाध्यक्षों सहित अन्य रेल अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सत्यनिष्ठा प्रतिज्ञा की शपथ दिलाई। गौरतलब है कि सरदार बल्लभ भाई पटेल के जन्मदिवस पर पश्चिम मध्य रेलवे में सतर्कता जागरूकता सप्ताह ें मनाया जा रहा है। शपथ समारोह में सभी ने शपथ ली की हम, भारत के लोक सेवक, सत्यनिष्ठा से प्रतिज्ञा करते हैं कि हम अपने कार्यकलापों के प्रत्येक क्षेत्र में ईमानदारी और पारदर्शिता बनाए रखने के लिए निरंतर प्रयत्नशील रहेंगे। महाप्रबंधक कार्यालय के सभाकक्ष में महाप्रबंधक सुधीर कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में सतर्कता संगोष्ठी के अवसर पर सतर्कता बुलेटिन के 26 वें अंक का विमोचन किया गया। महाप्रबंधक कार्यालय के सभागृह में महाप्रबंधक एवं अपर महाप्रबंधक सहित सभी प्रमुख विभागाध्यक्षों तथा सतर्कता विभाग के अधिकारी एवं अन्य अधिकारियों के साथ बैठक संपन्न हुई। इस बैठक के दौरान महाप्रबंधक सुधीर कुमार गुप्ता द्वारा समाज में व्याप्त भ्रष्टाचार को दूर करने हेतु आधुनिक तकनीकी का अधिकतम उपयोग कर पारदर्शिता ब ?ाने, तय समय सीमा में कार्य निष्पादन करने आदि पर अत्यधिक बल दिया जो कि भ्रष्टाचार पर अकुंश लगाने में कारगर होगा। भ्रष्टाचार एक खतरनाक सामाजिक बुराई है जो एक कैंसर की तरह है और समाज में व्याप्त है। अत: भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टालरेंसपर लाने हेतु अत्यंत आवश्यकता है। वरि. उप महाप्रबंधक एवं मुख्य सतर्कता अधिकारी विजय कुमार गुप्ता ने इस वर्ष सतर्कता जागरूकता सप्ताह की विषय वस्तु *"स्वतंत्र भारतञ्च75 सत्यनिष्ठा से आत्मनिर्भरता" पर प्रकाश डालते हुए विचार प्रकट किए कि आज के परिवेश में अपने कर्तव्य के प्रति सत्यनिष्ठ रहते हुए हम आत्मनिर्भरता प्राप्त कर सकते हैं। जो कि विश्व पटल पर भारत की अलग पहचान बनाने में सहायक होगा।

#### यह रहे उपस्थित

इस अवसर पर मुख्यालय के प्रमुख मुख्य परिचालन प्रबंधक राजेश पाठक, प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक मुकुल शरण माथुर, प्रमुख वित्त सलाहकार कार्तिक चैहान सहित अन्य प्रमुख विभागाध्यक्षों सहित सतर्कता विभाग के वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# जनेकृविवि कर्मियों के अक्टूबर माह के वेतन में जोड़ा गया 8 प्रतिशत मंहगाई भत्ता

**जबलपुर।** । जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय के कमज्चारी के लिये आगामी दीपावली का त्यौहार अपार खुशियां लेकर आने वाला है । लेखानियंत्रक व्ही.एन. बाजपेयी ने बताया कि राज्य शासन के आदेश के परिपालन में विश्वविद्यालय अमले तथा स्थायी कमज्चारियों के अक्टूबर माह के वेतन में 8 प्रतिशत मंहगाई भत्ता जोड़ा गया है । इसके जुड़ने से कुल मंहगाई भत्ता 20 प्रतिशत हो जायेगा । इसके साथ ही वाषिज्क वेतनवृद्धि का एरियर्स 2 किस्तों में दिया जायेगा । पहली किस्त नवम्बर 2021 एवं दूसरी किस्त का भुगतान मार्च 2022 में किया जायेगा । 1 मार्च 2022 से सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों को एरियर्स की देय राशि का भुगतान एक मुश्त किया जायेगा । इस आदेश से कर्मचारियों में उमंग और उत्साह के साथ जबरदस्त खुशी का माहौल है।

# संघ की प्राथमिक सदस्यता से भी निष्कासित हुए भटनागर

जबलपुर यश भारत। वेस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर संघ चल रहा विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है विवाद में जहां एक दूसरे पर आरोप लगाए जा रहे हैं वही पश्चिम मध्य रेल मजदूर संघ के अध्यक्ष पद पर लगे गंभीर आरोप के चलते, उन्हें पहले निलंबित किया गया। लेकिन अब उन्हें संघ की प्राथमिक सदस्यता से भी निष्कासित कर दिया गया है। संघ के मंडल अध्यक्ष एसएन शुक्ला निष्कासित अशोक शर्मा ने बताया कि निष्कासित आर पी भटनागर को,प्राथमिक सदस्यतता से बेदखल करने का एक पत्र संवैधानिक रूप से, पश्चिम मध्य रेल के महाप्रबंधक को भेजा है। अब श्री भटनागर किसी भी तरह से संघ से नहीं जुड़े हैं और यह संघ की वंशवाद से आजादी है। कोषाध्यक्ष अनुज तिवारी ने बताया कि उनसे जबरन पैसे की मांग की जाती थी। पैसों के लिए दबाव बनाया जाता था। पूर्व अध्यक्ष और उनके पुत्र के द्वारा इस तरह के दबाव बनाए जाने से, उनके खिलाफ ही विद्रोह का बिगुल बजा। संघ के प्रवक्ता सतीश कुमार का कहना है, कि अब व्यक्ति विशेष की वजह से रेल कर्मचारियों के सुझाव पर संघ कर्मचारियों के हित में संविधान में संशोधन करेगा। जिससे कि पारदर्शिता बनी रहे। इसके लिए बकायदा 3 सदस्य कमेटी गठित होगी।

### गोंड़ समाज महासभा आज सौंपेगी ज्ञापन

जबलपुर। सोनिका हांडा ने जो जातिसूचक अपशब्दों का प्रयोग किया उसके खिलाफ में गोंड़ समाज महासभा जबलपुर द्वारा आज 27 अक्टूबर शाम 4:00 बजे प्रधानमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा जाएगा जिसमें आपकी उपस्थिति अनिवार्य है गोंड समाज महासभा ने पदाधिकारी व समाज जनों से गोंडवाना चौक स्टेशन पहुंचने की अपील की है।

### काउंसलिंग 29 से

जबलपुर, । शिक्षा का अधिकार अधिनियम के अन्तर्गत गैर अनुदान मान्यता प्राप्त अशासकीय स्कूलों में शैक्षणिक सत्र 2020-21 में रिक्त सीटों पर ऑनलाइन नि:शुल्क प्रवेश के लिए दूसरे चरण की काउंसलिंग प्रक्रिया 29 अक्टूबर से शुरू होगी।



# कार्तिक मास के साथ ही 1100 पौधों का किया गया वृक्षारोपण

जबलपुर। संपूर्ण हिंदू श्रंखला परिवार के संयुक्त तत्वावधान में 1100 वृक्षों का पौधरोपण किया जा चुका है। संस्थापक अनिरुद्धाचार्य ने बताया कि हमने प्लांट बैंक बनाने की अहम शपथ ली है और हम लगातार इस कार्य को सफलता देने में लगे हुए हैं। अध्यक्ष शशांक बर्मन ने बताया कि हमने लोगों के जन्मदिन व विवाह की वर्षगांठ पर ग्यारह पौधों के रोपण के लिए समस्त व्यवस्थाएं भी उपलब्ध कराई हैं। सचिव सौरभ पंडा ने कहा कि पौधे हमारे परिजन मित्र हैं और हम इन्हें लगाकर इनका पूर्णरूप से संरक्षण भी कर रहे हैं। इसी मौके पर संस्थापक पं अनिरुद्धाचार्य ,व्यवस्थापक समर्थ श्री भैया जी सरकार, अध्यक्ष शशांक बर्मन , उपाध्यक्ष शशिशेखर , सचिव सौरभ पंडा, विनय श्रीवास्तव, साहिल यादव, कृष्णा ठाकुर, फूलचंद सोनखरे, कपिल दुबे, संजय दत्त आदि उपस्थित थे।

# मेडिकल अधीक्षक कार्यालय का घेराव

## कर्मचारियों ने कहा -परेशान करना बंद करें लेनदेन हो रहा है हर काम के लिए

जबलपुर। तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ मेडिकल शाखा के अध्यक्ष वीरेंद्र तिवारी के नेतृत्व में मंगलवार की शाम दर्जनों कर्मचारियों ने नेताजी सुभाष चंद्र मेडिकल अस्पताल के अधीक्षक राजेश तिवारी कार्यालय का घेराव करते हुए अपनी विभिन्न मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा इस दौरान कर्मचारी नेताओं ने कहा कि हर काम के लिए लेन-देन हो रहा है कर्मचारी परेशान हो रहे हैं यह सब बंद होना चाहिए। एकांकी पद पर पदस्थ कर्मचरियो का समयमान वेतनमान का लाभ अविलंब दिया जावे । आयुष्मान योजना के अंतर्गत मिलने वाले मानदेय का भुगतान अधीक्षक कार्यालय में पदस्थ पैरामेडिकल कर्मचारियों को भी दिया जावे । स्वाशासी कर्मचारियो के सर्विस बुक का संधारण आज दिनॉक तक नही किया गया है , जिसे शीघ्र अतिशीघ्र किया जावे । लेखापाल को लेखा शाखा में पदस्थ करते हुए , किसी वरिष्ठ सहायक ग्रेड -1 को ए.ओ.एस. का कायज़ प्रभार दिया जावे । केन्द्रीय कोषालय एवं अधीक्षक के नाम के नाम पर हाने वाले अनैतिक लेन - देन पर पूर्ण विराम लगाया जावे । ज्ञापनसैंते समय वीरेंद्र तिवारी अनिल ठाकुर राजू मस्के श्रीमती सुनील ईशादिन अजय कुमार दुबे अरुण चतुवेर्दी प्रमोद कुमार विजय तिवारी विपिन पीपरे घनश्याम पटेल अमित तमतामाय राजेंद्र भट्टी रमेश उपाध्याय। उपस्थित रहे ।



### लोक सेवकों के चक्कर काटने से कार्यालयीन कार्य हो रहे बाधित

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संयुक्त समन्वय समिति ने बताया कि देखा जा रहा है कि शिक्षा विभाग के वरिष्ठ कार्यालयो जैसे डीईओ कार्यालय, बीईओ कार्यालय के चक्कर लोक सेवकों के द्वारा कार्यालय समय में काटे जाते हैं जिससे वरिष्ठ कार्यालय के महत्वपूर्ण कार्य प्रभावित होते हैं जिसकी वजह से कार्यालयों के वित्तीय कार्य समय पर नहीं हो पाते जिसका खामियाजा शिक्षकों/ कर्मचारियों को उठाना पड़ता है, और साथ ही अनावश्यक भीड़ भाड़ के चलते व्यर्थ में विभाग बदनाम भी होता है और विभाग टारगेट भी होता है अत: शिक्षा विभाग के शिक्षकों को जो भी कार्य करना है |वह अपने संकुल प्राचार्य के माध्यम से भेजना चाहिए और लोक सेवकों को यदि अति महत्वपूर्ण कार्यो हेतु वरिष्ठ कार्यालय जाना ही है तो उनके लिए विभाग द्वारा एक निश्चित समय और दिन निर्धारित किया जाना चाहिए। संघ के जिलाध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन, मीनू कांत शर्मा, हेमंत ठाकरे, कैलाश शर्मा, आदि ने जिला शिक्षा अधिकारी महोदय से मांग की है कि लोक सेवकों के मिलने हेतु निश्चित समय या दिन का निर्धारण किया जाए।

### रियायती दरों पर किया जा रहा पालतू पशुओं का बीमा

जबलपुर। भारत सरकार के राष्ट्रीय पशुधन मिशन अंतर्गत पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा जिले में पशुपालन बीमा योजना के अंतर्गत पशुपालकों के हितार्थ उनके पालतू पशुओं का रियायती दरों पर बीमा किया जा रहा है। योजनांतर्गत पशुपालक अपने पालतू पशुओं जैसे देशी एवं संकर दुधारू पशु, भारवाही पशु जैसे घोड़ा, गधा, खच्चर, ऊँट, टट्टू, आदि।

# ट्रेनों का सुरक्षित परिचालन करने वाले 17 कर्मचारी पुरस्कृत

जबलपुर यश भारत। जबलपुर मंडल में रेलों का संचालन में संरक्षा की जवाबदारी बखूबी निभाने वाले तथा ट्रेनों का परिचालन सुरक्षित ढंग से कराने में सहयोग देने वाले रेल कर्मचारियों को मंडल रेल प्रबंधक संजय विश्वास ने मंडल कार्यालय में प्रशंसा पत्र देते हुए नगद राशि से पुरस्कृत किया। इस संबंध में वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी प्रवीण कुमार स्वामी ने बताया कि सितंबर माह में मंडल के 17 कर्मचारियों ने चलती रेलगाड़ी एवं मालगाड़ी में विसंगति को देखकर खतरे का आभास करके ट्रेन को रुकवा कर बड़े खतरे को टाला है जिससे कि अनहोनी को रोकने में उन्होंने सराहनीय कार्य किया है ऐसा कार्य करने वाले राजेश कुमार कुशवाहा नीलेश सिंह मोती लाल केवट विजय कुमार जितेंद्र कुमार शेख नौशाद रवि कुमार लखन सिंह सुमित रंजन विमल कुमार सहित 17 रेल कर्मचारियों को उनकी सराहनीय कार्य पर पुरस्कृत किया गया है ( *यह रहे उपस्थित* इस अवसर पर अपर मंडल रेल प्रबंधक दीपक कुमार गुप्ता अमितोज बल्लभ, मंडल के शाखा अधिकारी श्री विश्वरंजन, अभिराम खरे, राहुल श्रीवास्तव, जेपी सिंह, संजय मनोरिया, विराट गुप्ता, मनीष पटेल, अरुण त्रिपाठी सहित अनेक अधिकारी एवं कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



# सर्विस बुक का सत्यापन को कोष एवं लेखा से कराया जाएगा

जबलपुर। मध्य प्रदेश लघु वेतन कर्मचारी संघ विभागीय शाखा अध्यक्ष प्रमोद कुमार ने बताया है कि स्वशासी कर्मचारियों के संबंध में जारी वित्त विभाग के आदेश को लेकर मेडिकल कॉलेज डीन डॉ प्रदीप कसार को ज्ञापन देकर मांग की गई है कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कॉलेज में पदस्थ स्वशासी कर्मचारियों की सर्विस बुक अनुमोदन के संबंध में वित्त विभाग द्वारा संयुक्त संचालक कोष एवं लेखा से अनुमोदन कराने को लेकर आदेश प्रसारित किए गए हैं जिसे लेकर आज संघ के पदाधिकारियों ने डीन से मुलाकात की डीन ने आदेश के संबंध में तत्काल कोष एवं लेखा को चिट्ठी भेजकर शिविर लगाकर अनुमोदन कराए जाने को लेकर अपनी सहमति प्रदान की साथ ही उन्होंने संघ को आश्वस्त किया है कि अति शीघ्र स्वशासी कमज्चारियों की सविज्स बुक के सत्यापन की कारज्वाई की जाएगी इस दौरान उपस्थित रहे प्रमोद कुमार, रविंद्र राय ,समर सिंह ठाकुर ,गणेश अहिरवार ,देवेंद्र अहिरवार, शिशुपाल गुजर।





### शहर की आयुध निर्माणियां हमारी पहचान

# केंट ब्लाक कांग्रेस ने चलाया जन जागरण अभियान

जबलपुर यशभारत। केन्ट ब्लॉक कांग्रेस कमेटी जबलपुर तत्वावधान में कल मंगलवार को सुरक्षा संस्थानों के निगमीकरण का विरोध करते हुए जनजागरण कार्यक्रम चलाया।कार्यक्रम में शामिल नेताओं ने कहा कि केंद्र मे बैठी भाजपा सरकार जिस तरीके से शासकीय संस्थानों को बेच रही है उसके जन जागरण के लिए जबलपुर में जीसीएफ फैक्ट्री के सामने जन जागरण चलाया गया और जनता से अपील की गई कि वह आने वाले भविष्य में अपनी आने वाली पीढ़ी के लिए केंद्र सरकार के इस निजीकरण के विरोध में कांग्रेस का साथ दें।इस अवसर कैंट ब्लॉक के अध्यक्ष डॉ राजेन्द्र पिल्ले ने कहा किआयुध निर्माणियां हमारे शहर की शान है।यहां कभी एक लाख कर्मचारी हुआ करते थे।देश के नक्शे में इसकी अलग पहचान रही।हम वही पहचान कायम करने के लिए जन जागरण कर रहे हैं।आने वाले दिनों में अन्य निर्माणियों के सामने जन जागरण किया जाएगा।इस दौरान पूर्व विधायक नंदलाल धुर्वे हनुमंत राव अमर चंद बावरिया एड बी,एस, चग्गल कुंदन स्वामी प्रमोद तिवारी सुरेंद्र यादव शरमन पुरषोत्तम नामदेव एडवोकेट जगदीश ब ?गैया एड राजेन्द्र गुप्ता नरसिंह पहलवान अभय बावरिया सुकल ठाकुर सोनू नायक सुरेंद्र पटेल निखिल लतीफ भाईजान कपिल मिश्रा पलास मजूमदार देवी प्रसाद गोंडाने सहित अनेकों नागरिक उपस्थित थे

### हनुमान जी का 1100 नामों से हवन

**जबलपुर ।** 9 नवंबर कार्तिक पूर्णिमा को नर्मदा पंचकोशी परिक्रमा हरे कृष्णा आश्रम भेड़ाघाट से प्रात: 8:30 बजे निकली जाएगी । यह परिक्रमा यात्रा सफल हो और सभी विघ्न बाधाएं दूर हो इस भावना को ह्र्दयगत रखते हुए आज परिक्रमा संचालक और संरक्षक भगवान श्री हनुमान जी महाराज का 1100 नामों का हवन जमुना सभागृह गोल बाजार गोशाला में किया गया द्य आरती के साथ प्रसाद वितरण हुआ कार्तिक माह में दूसरा हवन सम्पन्न हुआ द्य सभी श्रद्धालुओं ने भगवान श्री हनुमानजी से प्रार्थना कर निवेदन किया कि इस कार्य को सफल बनायें और समस्त प्रकार के संकट का निवारण करें।

पत्रक पूजन किया गया

## स्व.बबीता गुप्ता स्मृति कबड्डी स्पर्धा

# महिला वर्ग में जबलपुर कारपोरेशन पुरूषों में स्टार अकादमी विजेता

**जबलपुर ।** जबलपुर एकेडमी के तत्वावधान इंडोर हॉल, रांझी में में खेली गई बबीता गुप्ता स्मृति में महिला एवं पुरुष कबड्डी स्पर्धा के महिला वर्ग में जबलपुर कार्पोरेशन ने जबलपुर एकेडमी को 11 अंको से हराकर खिताब जीता। जबकि स्टार एकेडमी ने अहिंसा क्लब मेरेगांव को कश्मकश भरे मुकाबले में 6 अंकों से पराजित कर पुरुष वर्ग में विजेता होने का गौरव हासिल किया। इससे पहले खेले गये महिला वर्ग के सेमीफाइनल में जबलपुर कार्पोरेशन ने खेल कबड्डी खेल को व जबलपुर एकेडमी ने सिहोरा को तथा पुरुष वर्ग में स्टार एकेडमी ने विकास क्लब पडुवा को, अहिंसा क्लब मेरेगांव ने गोसलपुर को हराकर फाइनल में प्रवेश किया था। पुरस्कार वितरण समारोह के अतिथि रविन्द्र गुप्ता प्राचार्य, प्रखर गुप्ता, शिक्षा विभाग की खेल अधिकारी चंदा सोनी, महेश चौहान, सुरेन्द्र दीक्षित, राकेश श्रीवास ने विजेता व उपविजेता टीमों को पुरस्कृत किया। महिला वर्ग में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी जया लक्ष्मी स्वामी, सर्वश्रेष्ठ रैडर श्वेता उपाध्याय, ऑलरांउडर रूबी केवट, सर्वश्रेष्ठ कैचर सुरभि रावत को शानू यादव ने पुरस्कृत किया। हॉकी के राष्ट्रीय खिलाड़ी राकेश श्रीवास की आरे से दो ट्रैक सूट सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के लिए प्रदान किये गये। संचालन शानू यादव व आभार प्रदर्शन पुष्पा रघुवंशी द्वारा किया गया।




### 15 वर्ष बाद भी नहीं मिल पा रहा क्रमोन्नति का लाभ

**जबलपुर,** । मध्यप्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ अध्यापक प्रकोष्ठ द्वारा ने बताया कि मध्यप्रदेश शासन द्वारा अध्यापकों के साथ सौतेला व्यवहार किया जा रहा है। प्रकोष्ठ के प्रांतीय संयोजक मुकेश सिंह ने जारी बयान में बताया कि नियमित शिक्षकों के समान अध्यापकों को मिलने वाली 12 वर्ष उपरांत प्रथम क्रमोन्नति का लाभ 15 वर्ष बीत जाने के बाद भी नहीं मिल पा रहा है। प्रदेश के हजारों अध्यापक जुलाई 2018 में 12 वर्ष शासकीय सेवा पूर्ण करने के उपरांत तीन वर्षों से अधिक का समय बीत जाने के बाद क्रमोन्नत वेतनमान के लाभ से वंचित हैं। संघ के आलोक अग्निहोत्री, सुनील राय, अजय सिंह ठाकुर, मनीष चौबे, नितिन अग्रवाल, गगन चौबे, श्यामनारायण तिवारी, राकेश दुबे, गणेश उपाध्याय, धीरेंद्र सोनी, मो. तारिक, प्रियांशु शुक्ला आदि ने क्रमोन्नति का लाभ दिए जाने की मांग की है।

**आवश्यकता है**

ज्वेलरी शोरूम के लिए अनुभवी सेल्समेन एवं सेल्सगर्ल, कैश काउन्टर के लिए सीनियर सिटीजन, स्टाफ मैनेजमेंट की आवश्यकता है।

संपर्क
श्री हनुमंत छाया ज्वेलर्स गोहलपुर
मालगुजार परिसर के पहले
मो.9977112211

मिलने का समय- दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक

**वैदिक ज्योतिष समाधान**

·¤ÇÜè çÙ×æ‡æ/ÈÜæÎàæ, ·¤ÇÜè ç×ÜæÙ/»‡æ ç×ÜæÙ, Ùæ·¤Uè/ÃØæÂæÚU, Õèÿææ, àææÎèU ÕæŠææ, çßßæã ÕæŠææ/SßæS‰Ø â×SØæ°, ·¤æÙÜè çßßæÎ/ÂæÂÂè çßßæÎ,çÂÌ Îæá/×»ÜÎæá/«¤‡æÎæ á ¥æçÎ ·¤ÇÜè Îæáæ ¥æçÎ ç·¤âè Öè ÌÚã ·¤è ÁèßÙ â ÁÇè â×SØæ¥æ ·¤ ßçÎ·¤ 'Ø槷¤á â×ŠææÙ ·¤ çÜ° âÂ·¤ ·¤ÚUÐ
ज्योतिषाचार्य आशीष कुमार रांझी, जबलपुर
मो./वॉट्सएप 8319296558, 9165367125,
समयः 9 AM से 10 PM




# 1 नवंबर को स्थापना दिवस आत्म-निर्भर मध्यप्रदेश के रूप में मनाया जाएगा

**भोपाल।** मध्यप्रदेश का स्थापना दिवस 1 नवंबर को आत्म-निर्भर मध्यप्रदेश के रूप में मनाया जाएगा। राज्य स्तरीय आयोजन लाल परेड ग्राउंड पर 1 नवंबर को शाम 6-30 बजे से किया जाएगा। समारोह में आत्म-निर्भर मध्यप्रदेश के लिए जन-भागीदारी अभियान की थीम पर 45 से 50 मिनट की अवधि की नृत्य-नाटक को ध्वनि प्रकाश माध्यमों से प्रस्तुत किया जाएगा। कोरियोग्राफी प्रस्तुति के बाद गीत-संगीत के कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जाएगी। उप निर्वाचन वाले जिलों को छोड़कर सभी जिला मुख्यालयों पर समारोह आयोजित किए जाएंगे। इनमें मुख्य रूप से आत्म-निर्भर मध्यप्रदेश के लिए जन-भागीदारी अभियान पर केंद्रित गायन, वादन, नृत्य, वाद-विवाद प्रतियोगिता, मैराथन दौड़, रैली, प्रभात फेरी आदि कार्यक्रम होंगे। जिला मुख्यालय स्थित प्रमुख शासकीय भवनों और ऐतिहासिक इमारतों पर 1 नवंबर की रात्रि को प्रकाश व्यवस्था की जाएगी। स्थापना दिवस कार्यक्रम में जन-प्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों, उद्योगपतियों, व्यवसायियों, समाजसेवियों, धर्मगुरुओं, स्वयंसेवी संस्थाओं, हाईस्कूल, हायर सेकेंडरी विद्यालय एवं महाविद्यालयीन छात्र-छात्राओं, शासकीय अधिकारी-कर्मचारी, जिले के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, लोकतंत्र सेनानियों एवं शहीद सैनिकों के परिवारों को विशेष तौर पर आमंत्रित किया जाएगा। कार्यक्रम में समाज के सभी वर्गों की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। सभी कार्यक्रमों में कोविड-19 संबंधी गाइडलाइन का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाएगा। इस संबंध में सभी विभाग प्रमुखों, संभागीय आयुक्त, सभी जिलों के कलेक्टर और मुख्य कार्यपालन अधिकारी को निर्देश जारी किए गए हैं।

# निजी स्कूलों में निःशुल्क प्रवेश

## शुरू होगा काउंसिलिंग का दूसरा चरण




**भोपाल।** शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) के तहत प्रदेश के निजी स्कूलों में शैक्षणिक सत्र 2020-21 के लिए रिक्त सीटों पर आनलाइन निश्शुल्क प्रवेश के लिए दूसरे चरण की काउंसलिंग प्रक्रिया 29 अक्टूबर से शुरू होगी। इस संदर्भ में राज्य शिक्षा केंद्र के संचालक धनराजू एस ने बताया कि आरटीई के तहत पहले चरण की लाटरी के बाद शेष रिक्त सीटों पर दूसरे चरण की काउंसलिंग के माध्यम से स्कूल आवंटन किया जाना है। इसके लिए समय सारिणी जारी की गई है। रैंडम पद्धति से आनलाइन लाटरी द्वारा 10 नवंबर को स्कूल का आवंटन किया जाएगा। उन्होंने आगे बताया कि पंजीकृत आवेदक 29 अक्टूबर से सात नवंबर तक दूसरे चरण की लाटरी के लिए स्कूल की च्वाइस अपडेट कर सकेंगे। स्कूल के आवंटन के बाद 10 नवंबर से 15 नवंबर तक आवंटन पत्र डाउनलोड कर आवंटित स्कूल में प्रवेश ले सकेंगे। प्रवेश लेते समय ही संबंधित निजी स्कूल द्वारा मोबाइल एप के माध्यम से नामांकन रिपोर्टिंग दर्ज की जाएगी। यहां पर यह बात भी गौरलतब है कि दूसरे चरण की काउंसलिंग में नया आवेदन करने का विकल्प नहीं होगा। जिन आवेदकों ने सत्र 2020-21 के लिए पहले आनलाइन आवेदन किया है और सत्यापन में पात्र पाए गए हैं एवं इस सत्र में प्रवेश नहीं लिया है, केवल वही आवेदक स्कूल की पसंद को परिवर्तित करते हुए आवेदन लाक कर सकेंगे। इसके अलावा कोविड-19 के कारण या किसी अन्य परिस्थितियों के कारण यदि कोई स्कूल बंद हो गया है और उसमें प्रथम चरण में किसी का आवंटन हुआ है तो वह आवेदक भी अन्य स्कूल में दूसरे चरण के लिए चुनकर आवेदन लाक कर सकेंगे। इस संबंध में सभी जिलों के कलेक्टर को दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

# आज शाम थम जाएगा चुनावी शोर

**रैगांव।** विधानसभा क्षेत्र क्रमांक- 62 के उपचुनाव का प्रचार बुधवार शाम छह बजे थम जाएगा। इसी के साथ उम्मीदवार चार लोगों के साथ घर-घर जाकर संपर्क कर सकेंगे। यहां 16 प्रत्याशी मैदान में हैं। निर्दलीय प्रत्याशी पुष्पेंद्र बागरी ने भाजपा को समर्थन दे दिया है। विधानसभा उपचुनाव में मुख?य मुकाबला कांग्रेस और भाजपा में हैं। इसके लिए दोनों ही दलों के नेताओं ने मतदाताओं को अपनी ओर करने कोई कोर कसर नहीं छोड़ी। चुनाव प्रचार थमते ही बाहर से आए सभी नेताओं को वापस जाना होगा। यहां मतदान 30 अक?टूबर को होगा। जिला निर्वाचन अधिकारी अजय कटेसरिया ने रैगांव विधानसभा उप निर्वाचन के लिए की गई व्यवस्थाओं और तैयारियों की जानकारी में बताया कि रैगांव विधानसभा क्षेत्र में कुल मतदाता संख्या 2 लाख 6 हजार 910 है। इनमें पुरुष मतदाता 1 लाख 9 हजार 750 व महिला मतदाता 97 हजार 160 हैं। यहां कुल 313 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। 241 लोकेशन पर स्थापित 313 मतदान केंद्रों में से 135 दूरस्थ या अन्य कारणों से क्रिटिकल मतदान केंद्रों के रूप में चिन्हित किया है। रैगांव विधानसभा में कोई भी मतदान केंद्र शैडो एरिया अथवा वर्नरेबल एरिया में नहीं हैं। मुख्यतः तीन थाना क्षेत्र में समाहित इन मतदान केंद्रों के लिए 92 रूट और 44 सेक्टर बनाए गए हैं। मतदान दलों को ले जाने 91 बस, एक जीप और सेक्टर अधिकारियों के लिए 44 वाहनों की आवश्यकता है। विधानसभा क्षेत्र के लिए रिजर्व सहित 391 मतदान दलों का गठन किया गया है। सभी 313 मतदान केंद्रों में रैंप, पेयजल, छाया, फर्नीचर, टॉयलेट, विद्युत की व्यवस्था पूर्ण कर ली गई है। दिव्यांग वोटर्स के लिए दो-दो व्हीलचेयर भी रखी जाएंगी। विधानसभा क्षेत्र में कुल 2563 दिव्यांग और 356 मतदाता 80 वर्ष से अधिक उम्र के चिन्हित हैं। विधानसभा क्षेत्र में 525 सर्विस वोटर हैं, जबकि ईडीसी और कोविड सस्पेक्ट कोई मतदाता नहीं है। मतगणना और स्ट्रांग रूम के लिए शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय व्यंकट क्रमांक-1 को चयनित किया है।



# दोपहर 12 बजे तक शहर में हुई 24 रजिस्ट्रियां, एक दिन पहले 348 लोगों ने कराई थी रजिस्ट्री

**भोपाल।** दीपावली, धनतेरस और पुष्य नक्षत्र को देखते हुए रीयल एस्टेट सेक्टर में भी उछाल देखा जा रहा है। चल-अचल संपततियों के सौदे हो रहे हैं। इसी तारतम्य में संपततियों की रजिस्ट्रियां भी खूब हो रही हैं। यही देखते हुए शासन ने निर्णय लिया है कि रजिस्ट्री कार्यालय अब अवकाश के दिन भी खोले जाएंगे। बुधवार को राजधानी में सुबह दफ्तर खुलने के बाद दोपहर 12 बजे तक 24 रजिस्ट्री हो चुकी थीं। वहीं देर रात तक 400 रजिस्ट्री का रिकार्ड कायम होने की संभावना है। इसके चलते 30 अक्टूबर शनिवार व 31 अक्टूबर रविवार को भी रजिस्ट्री कार्यालय खुलेंगे। इधर, प्रापर्टी के सौदे भी ज्यादा होना शुरू हो गए है। बुधवार को शहर में 348 सौदे हुए। शहर के रातीबड़, होशंगाबाद रोड, कटारा, न्यू मार्केट, कोटरा, नीलबड़, भदभदा, कोलार व मिसरोद सहित अन्य क्षेत्रों में जमकर रजिस्ट्री हुई। सबसे ज्यादा रजिस्ट्री जमीनों की हुई है। इधर, रजिस्ट्रारों के स्लाट की संख्या बढ़ाने को लेकर भी निर्णय हो सकता है। बता दें कि कोरोना संक्रमण काल के बाद सभी तरह के बाजार में अपार संभावनाओं के द्वार खुले है। लोगों ने अपने मकान में रहने की अहमियत को न केवल समझा है बल्कि वे खुद के घर का सपना सकार करने के लिए प्रापर्टी में निवेश भी कर रहे है। जो लोग शहर की पुरानी तंग गलियों में रहते थे, वे अब अच्छा मकान खरीदना चाह रहे हैं। जहां सुविधा और सुरक्षा अच्छी मिल सके। वहीं बैंक द्वारा कर्ज दरें कम की जा रही हैं। यह लोगों को कर्ज लेकर घर खरीदने के लिए लुभा रहा है। यहीं कारण है कि हर दिन 300 से ज्यादा प्रापर्टी के सौंदे हो रहे है।

## नवरात्र के आठ दिनों में हुई थी 3128 रजिस्ट्रियां

राजधानी में नवरात्र के दौरान भी प्रापर्टी बाजार जमकर चमका था। वहीं प्रापर्टी के सौदे भी खूब हुए। नवरात्र के आठ दिनों में 3128 रजिस्ट्री हुई है। इसमें सबसे ज्यादा रजिस्ट्री एक ही दिन में 471 हुई थी। राजधानी में पहली बार यह स्थिति बनी थी।

# दीपावली पर भोपाल के दियों से रोशन होगें अयोध्या और मथुरा के मंदिर



**भोपाल।** शहर के नागरिकों के लिए प्राऊड मोमेंट है। दीपावली के अवसर पर भारत के 2 सबसे पूज्य शहर भगवान श्री राम की जन्मभूमि अयोध्या और भगवान श्री कृष्ण की जन्मभूमि मथुरा के मंदिर भोपाल में बनाए गए मिट्टी के दीयों से जगमग होंगे। 1500000 दिए दोनों शहरों में भेजे जा रहे हैं। कलेक्टर श्री अविनाश लवानिया ने बताया कि भोपाल के ग्रामीण क्षेत्रों में स्व सहायता समूह की 1000 महिलाओं द्वारा 15 लाख इको फ्रेंडली दियों का निर्माण किया गया है। निर्माण की प्रक्रिया जारी है। इन दियों को गोबर, मुल्तानी मिट्टी और गेहूं के आटे के मिश्रण से तैयार किया जा रहा है।कलेक्टर श्री लवानिया ने बताया कि कुल 1500000 दियों में से 1100000 दीपक उत्तर प्रदेश के अयोध्या में और 300000 लाख दीपक मथुरा में भेजे जा रहे हैं। कुल मिलाकर इस साल के बाद से भोपाल में बनने वाली इको फ्रेंडली दीपक पूरे देश की सुर्खियों में आ जाएंगे। देश के सभी प्रसिद्ध मंदिरों में साल भर जलाए जाने वाले दीपक भोपाल से बना कर भेजे जा सकते हैं। इको फ्रेंडली दीपक भोपाल की पहचान बन सकते हैं।

# थम्ब मशीनें खराब, नहीं मिल सका स्वनिधि योजना का लाभ




## राजस्व विभाग के क्षेत्रीय कार्यालयों पर थम्ब मशीनें खराब हैं, जिसके कारण स्वनिधि योजना का लाभ हाथ ठेले वालों को नहीं मिल सका है।

**ग्वालियर।** ठेले वालों एवं पथकर विक्रेताओं को स्वनिधि योजना के तहत 10-10 हजार रुपये के लोन दीपावली से पहले दिलाने के निर्देश दिए गए थे, लेकिन अब तक सभी पात्र हितग्राहियों को लोन नहीं मिल सका है। क्योंकि राजस्व विभाग के क्षेत्रीय कार्यालयों पर थम्ब मशीनें खराब हैं, जिसके कारण स्वनिधि योजना का लाभ हाथ ठेले वालों को नहीं मिल सका है। कोरोनाकाल के दौरान ग्वालियर में ठेलेवालों एवं पथकर विक्रेताओं की संख्या में बढोत्तरी हुई है, क्योंकि जो लोग दूसरे राज्यों में काम करते थे, वह वापस लौटकर ग्वालियर आ गए हैं। अब यह लोग ग्वालियर में ही ठेला लगा रहे हैं । पीएम स्वनिधि योजना के तहत सभी पथकर विक्रेताओं एवं हाथठेला मजदूरों को 10-10 हजार रुपये का लोन देना है। नगर निगम को 24000 प्रतिवर्ष का लोन दिए जाने का टारगेट दिया गया है। नगर निगम लगातार इस टारगेट में पिछड़ रहा है। इसके कारण कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह द्वारा कई बार अपर आयुक्त राजस्व मुकुल गुप्ता पर फटकार भी लगाई जा चुकी हैं। उन्होंने बैठकों में स्वनिधि योजना का लाभ सभी लोगों को नहीं दिए जाने के कारण अपर आयुक्त मुकुल गुप्ता को निलंबित तक करने का मन बना लिया था। अपर आयुक्त को बचाने के लिए नगर निगम आयुक्त किशोर कान्याल ने 5000 का टारगेट पूरा करने के लिए सभी क्षेत्रीय अधिकारियों को निर्देश दिए थे। आयुक्त ने सभी को निर्देश दिए थे कि उनके क्षेत्र में आने वाले प्रत्येक पथकर विक्रेता और हाथठेला चालक को लोन दिलाया जाए। इसके लिए सभी को फील्ड में जाना था और मौके पर इन लोगों का चयन कर उन्हें लोन के लिए पात्र एवं अपात्र का चयन करना था। इसके लिए थम्ब मशीनें भी दी गईं, लेकिन यह सभी मशीनें खराब निकली। इसके कारण अधिकांश लोगों को लोन का लाभ अब तक नहीं मिल सका।

# एंबुलेंस 108 हुई बीमार

## सीएमएचओ ने कंपनी के खिलाफ कार्रवाई के लिए एमडी को लिखा पत्र




**भोपाल।** जिगित्सा हेल्थ केयर कंपनी द्वारा संचालित एंबुलेंस की हालत प्रदेशभर में खराब है। इन एंबुलेंस में न तो दवाएं उपलब्ध है और न ही इनका रखरखाव ठीक से होता है। आलम यह है कि कई एंबुलेंस खराब होकर गैराज में पड़ी हैं, पर कंपनी इन्हें सुधरवाने पर ध्यान भी नहीं दे रही है। ग्वालियर में दौड रही 108 एंबुलेंस और जननी एक्सप्रेस की हालत अधिक खराब है। इसमें आवश्यक दवाएं तक उपलब्ध नहीं है। आक्सीजन की उपलब्धता भी कुछ ही एंबुलेंस में ही हैं। ऐसी हालत में यदि मरीज को एंबुलेंस की आवश्यकता पड़ जाए तो मरीज के लिए परेशानी बढ़ सकती है। मंगलवार को सीएमएचओ के निर्देश पर नोडल अधिकारी आइपी निवारिया ने एंबुलेंस की स्थिति की जानकारी ली। जब नोडल अधिकारी ने सड़क पर दौड़ रही एंबुलेंस की जांच की तो पता चला कि किसी में आक्सीजन सिलिंडर नहीं है, तो किसी में आक्सीजन की पाइप लाइन कटी पड़ी है। यहां तक की कुछ एंबुलेंस में आवश्यक दवाएं भी नहीं मिली हैं। वाहन क्रमांक एमपी 02 एव्ही 5657 पिछले एक माह से गैराज में खराब खड़ी है। टेकनपुर की एंबुलेंस एमपी 02 एव्ही 4413 का बेयरिंग खराब हो गया था, इसके बाद से वह गैरेज के बाहर नहीं आई। इसमें दवाओं की उपलब्धता भी नहीं थी। हस्तिनापुर की एंबुलेंस की गैस किट खराब थी, जिसे ठीक कराने के लिए कहा गया है। ओहदपुर की एंबुलेंस में दवाएं तो मिलीं, पर आक्सीजन किट खराब मिली और पाइप टूटा हुआ था। इसके संबंध में जिगित्सा हेल्थ केयर कंपनी के गोपाल नेगी से चर्चा की गई। इसके बाद सीएमएचओ डा मनीष शर्मा ने एनएचएम के एमडी को कंपनी के खिलाफ कार्रवाई के लिए पत्र लिखा। इससे पहले जिगित्सा हेल्थ केयर कंपनी के अफसरों से कई शिकायतें की जा चुकी थी, लेकिन कोई ध्यान नहीं दिया गया। अब जब स्वास्थ्य सेंवाए प्रभावित होने लगी तब एनएचएम में कार्रवाई के लिए पत्राचार किया गया है।

# दीपावली में नहीं होगी बिजली बंद




**भोपाल।** शहर में दीपावली पर्व के दो दिन पहले से लेकर दो दिन बाद तक विद्युत विभाग द्वारा सुधार कार्यों के लिए बिजली बंद नहीं की जाएगी। यानी दीपावली महापर्व के पांचों दिन जगमग रोशनी से रोशन रहेंगे। इन पांच दिनों में बिजली कंपनी सामान्य सुधार कार्यों के लिए विद्युत आपूर्ति बंद नहीं करेगी। आमतौर पर सुधार कार्यों के लिए रोजाना 15 से 20 इलाकों में दो से छह घंटे तक बिजली बंद रखी जाती है। दीपावली चार नवंबर को है। अभी नौ दिन बाकी हैं। बिजली कंपनी के अधिकारियों ने बताया कि इनमें से सात दिन सुधार कार्य होंगे। दो नवंबर से सुधार कार्य बंद हो जाएंगे, जो छह नवंबर तक बंद रहेंगे। सात नवंबर से पुन- सुधार कार्य शुरू होंगें। बीच के इन पांच दिनों तक सुधार कार्य के लिए बिजली बंद नहीं की जाएगी।

## लेकिन जरूरी सुधार कार्य के लिए बंद की जाएगी बिजली

सामान्य सुधार कार्यों के अलावा ऐनवक्त पर बिजली उपकरण खराब होने की स्थिति में बिजली बंद की जाएगी। अधिकारियों के मुताबिक इसकी सूचना पूर्व से दे पाना मुश्किल होता है। बिजली कंपनी का मैदानी अमला और अधिकारी कोशिशें करते हैं कि त्यौहार हो या सामान्य दिन हो, किसी भी समय बिजली कटौती न हो और न ही ट्रिपिंग की नौबत बने।

# भुगतान नहीं हुआ तो अमृत फार्मेसी ने रोकी इंप्लांट की आपूर्ति

**भोपाल ।** हमीदिया अस्पताल प्रबंधन की तरफ से परिसर में स्थित अमृत फार्मेसी का 40 लाख रुपये बकाया का भुगतान नहीं होने की की वजह से फार्मेसी संचालक ने मंगलवार को इंप्लांट की आपूर्ति रोक दी। इस वजह से हड्डी रोग विभाग में चार आपरेशन टालने पड़े। जिन मरीजों के आपरेशन टाले गए वह सभी आयुष्मान भारत योजना के हितग्राही थे। हड्डी रोग विभाग के चिकित्सकों ने बताया कि कई दिन से इंप्लांट की आपूर्ति जरूरत के अनुसार नहीं हो पा रही थी। हालांकि ,मंगलवार शाम चार बजे के करीब अधीक्षक ने फार्मेसी संचालक को पांच दिन के भीतर पूरा भुगतान करने की वादा किया है। इसके बाद आर्पूर्ति फिर से शुरू कर दी गई है। दरअसल, आयुष्मान योजना के तहत आने वाले मरीजों के लिए इंप्लांट (हड्डी के आपरेशन में लगने वाले धातु के सामान) की आपूर्ति के लिए अमृत फार्मेसी से अस्पताल प्रबंधन ने अनुबंध किया है। अमृत फार्मेसी की अस्पताल प्रबंधन पर उधारी बढ़ते हुए 40 लाख रुपये तक पहुंच गई थी। फार्मेसी संचालक ने भुगतान नहीं होने पर सामान की आपूर्ति नहीं कर पाने की असमर्थता जताई थी, लेकिन राशि उपलब्ध नहीं होने की वजह से अस्पताल प्रबंधन ने भुगतान नहीं किया था। इस कारण से अमृत फार्मेसी की तरफ से करीब हफ्ते भर से आपूर्ति कम कर दी गई थी। मंगलवार को पूरी तरह से आपूर्ति बंद कर दी गई। साढ़े सात करोड़ तक पहुंच गई थी उधारी, डेढ़ करोड़ अभी भी हमीदिया अस्पताल में दवाओं और अन्य सामान के खरीदी की उधारी साढ़े सात करोड़ तक पहुंच गई थी। शासन से राशि मिलने पर दुकानदारों को छह करोड़ रुपये का भुगतान किया जा चुका है, लेकिन डेढ़ करोड़ रुपये की उधारी अभी भी है। इसमें 40 लाख अमृत फार्मेसी के हैं।




***आपरेशन के लिए इंप्लांट की व्यवस्था पहले ही कर ली जाती है। मंगलवार को जो भी आपरेशन हुए उसके लिए इंप्लांट उपलब्ध थे। बुधवार व आगे के दिनों के लिए सामान की आपूर्ति शाम चार बजे से अमृत फार्मेसी ने शुरू कर दी है।***

**-डा. लोकेन्द्र दवे, अधीक्षक, हमीदिया अस्पताल**

# महंगाई कम करने पर भाजपा नहीं कर रही बात-खंडवा में बोले सचिन पायलट



**खंडवा।** खंडवाल लोकसभा उपचुनाव प्रचार के अंतिम दिन कांग्रेस के दिग्गज नेता सचिन पायलट ने छैगांव माखन में आमसभा ली। उन्होंने महंगाई पर केंद्र और प्रदेश में बैठी भाजपा सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि महंगाई चरम पर है लेकिन भाजपा इस बारे में कुछ भी कह नहीं रही है। महंगाई कम करने को एक भी भाजपा नेता बात नहीं कर रहा है। राजस्थान के उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट ने मीडिया से कहा कि लगातार इस सरकार ने किसानों की अनदेखी की है कृषि के तीन कानून बनाए हैं। उनको वापस ना लेना ही जिद और अहंकार का परिचय है। पार्टी की अध्यक्ष सोनिया गांधी ने राहुल गांधी ने प्रियंका गांधी ने जो बीड़ा उठाया है, उसको लेकर आगे चलेंगे। पेट्रोल-डीजल, देसी घी से महंगा हो गया है कोई जिम्मेदारी लेने को तैयार नहीं है। एक बार भी कहते कि सरकार ने यह नहीं कहा कि महंगाई कम कम करेंगे।

### पूर्व अध्यक्ष ने अध्यक्ष पद की दावेदारी के लिए नामांकन फॉर्म चुनाव अधिकारी के समक्ष किया जमा

# कलेक्टर एवं तहसील न्यायालय में पनप रही दलाली खत्म करना मेरी प्राथमिकता: सैनी

**जबलपुर।** जिला अधिवक्ता संघ जबलपुर के पूर्व अध्यक्ष आरके सिंह सैनी ने जिला अधिवक्ता सत्र 2021- 2023 के संपन्न होने वाले चुनाव के लिए मंगलवार को अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ अध्यक्ष पद हेतु नामांकन फार्म चुनाव अधिकारी के समक्ष जमा किया। इस मौके पर उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि वर्तमान में अधिवक्ताओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. एक तरफ जजेस मनमानी करने पर उतारू है. दूसरी तरफ पुलिस लगातार अधिवक्ताओं पर झूठे मामले बना रही है। श्री सैनी ने कहा कि उनकी हमेशा से प्राथमिकता रही है कि. अधिवक्ताओं का मान सम्मान बना रहे और उनके साथ चाहे कोई भी अत्याचार व दुर्व्यवहार न कर सकें। साथ ही साथ कलेक्टर न्यायालय एवं तहसील न्यायालय की दलाली को खत्म करने में मेरी प्राथमिकता है। साथ ही कलेक्टर न्यायालय एवं तहसीली न्यायालय में पनप रही दलाली और पैसे लेकर काम करने की कर्मचारियों की प्रथा को समाप्त किया जाएगा। चाहे वह कोई भी अधिकारी कर्मचारी हो। इस दौरान उनके समर्थकों ने महेद्र चक्रवर्ती. उपेंद्र सिंह. रोहित ज्योति. वीरेंद्र अहिरवार. शैलेंद्र तिवारी. विशाल सोनकर. प्रभात चौधरी. कपिल अधिकारी. प्रदीप रघुवंशी. अशोक रघुवंशी. चंदन रघुवंशी. नवीन सिंह. पारस जैन. विनोद कोष्टा. अशोक कोष, राकेश टंडन. संतोष जयसवाल. राजेंद्र सतनामी सहित बड़ी संख्या में अधिवक्तागण उपस्थित रहे।



## दीपावली के पहले हो वेतन कर्मचारियों की मांग

बरेला/मध्यप्रदेश अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा के ब्लॉक अध्यक्ष दालचंद पासी ने जिला प्रशासन से दीपावली के पहले जिले के समस्त कर्मचारियों को वेतन भुगतान करने की मांग करते हुए बताया कि कर्मचारियों को 8 प्रतिशत मॅहगाई भत्ता, एवं वेतन बृद्धि का एरियस के भुगतान के आदेश राज्य शासन ने जारी कर दिए हैं त्यौहार के पूर्व वेतन भुगतान होने से कर्मचारी अपने त्यौहार को हंसी खुशी मना सकेंगे कलेक्टर महोदय से मांग करने वालों में संयुक्त मोर्चा के शहजाद द्विवेदी रजनीश कुमार पांडेय अजय दुबे मनोज सिंह बृजेश दीक्षित शेर सिंह अंशुल साहू केएस उईके सतीश उपाध्याय प्रदीप मिश्रा मुकेश मेहरा सतीश वरकडे राजेश हरदा गणेश सिंगरौरे निर्मल लोधी उमेश प्रसाद चौबे राजेश शर्मा रामदास वरकडे सी पी झारिया जयप्रकाश गुप्ता वेणु गोपाल नायर अभिषेक वर्मा मोहन सिंह गेंदा लाल रजक भूपेंद्र कुर्मी चेतन धर्माधिकारी कृष्ण कुमार मरावी नितिन पांडे मोहित नाथ राजेश रजक सुरेंद्र चौबे प्रमोद विश्वकर्मा मिलन वरकडे शुभसंदेश सिंगौर हरवंश सिंह जनक लाल झारिया श्याम सुंदर पटेल जितेंद्र दुबे नरेंद्र यादव इमरत यादव चिंतामणि तिवारी डीजे साहू आर जी मोगरे आदि कर्मचारियों ने शीघ्र वेतन भुगतान की मांग की है

## आईएसबीटी में 37 बोरी में भरे 925 किलो मिले पेठा का लिया गया नमूना

**जबलपुर,** । दीनदयाल चौक स्थित अंतर्राज्यीय बस स्टेंड में आज खाद्य सुरक्षा प्रशासन की टीम ने आकस्मिक कार्यवाही कर 37 बोरी में लगभग 925 किलो संदिग्ध पेठा जप्त किया है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी देवकी सोनवानी के अनुसार विभाग की टीम द्वारा संदिग्ध हालत में मिले पेठा के सेम्पल लिये गये। सैंपल को जांच हेतु राज्य खाद्य प्रयोगशाला भोपाल भेजा जा रहा है। पेठा झांसी से भेजा गया था जो राकेश साहू हनुमान ताल के नाम से आया था। मौके पर विक्रेता को बुलाकर सैंपल लिया एवं जप्ती की कार्यवाई की गई पेठा विक्रेता के पास एफएसएसएआई का लाइसेंस नहीं पाए जाने से बिना लाइसेंस विक्रय का प्रकरण बनाया गया है। यह कार्यवाही खाद्य सुरक्षा अधिकारी पंकज श्रीवास्तव द्वारा की गई1

### मिठाईयों में मिलावट की सघन जांच के निर्देश

कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी कर्मवीर शर्मा ने दीपावली त्यौहार के मद्देनजर मिठाईयों में मिलावट पर रोकथाम और जांच हेतु कर्मियों की तैनाती और मिलावट पाये जाने पर विधिवत जप्ती की कार्यवाही करने के निर्देश दिये हैं। कलेक्टर श्री शर्मा ने खाद्य सुरक्षा अधिकारी खाद्य एवं औषधि प्रशासन को आज पत्र जारी कर निर्देशित किया है कि मिठाईयों के नमूने भी लिये जायें और सक्षम न्यायालय में अभियोजन की कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। कलेक्टर ने कहा है कि दीपावली पर्व पर बड़ी मात्रा में मिठाईयां निर्मित होती हैं और मिठाईयों की खरीदी भी काफी मात्रा में की जाती है ऐसे में मिठाईयों में मिलावट की संभावना अधिक हो जाती है साथ ही मिलावटी मिठाईयों के खाने से फूड प्वाइजनिंग की स्थिति भी निर्मित हो जाती है। इसलिए अधीनस्थ अमले को मिलावट की रोकथाम हेतु अलग-अलग स्थानों में नियुक्त किया जाये और दुकानों की सघन चेकिंग कराई जाये। नमूने लिए जायें, जप्ती की जाये और सक्षम न्यायालय में अभियोजन की कार्यवाही सुनिश्चित की जाये।

## हितग्राहियों को मिला पी.एम. स्वनिधि एवं अन्य योजनाओं के लाभ




जबलपुर। भारत सरकार के निर्देश पर मानस भवन में राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति के अंतर्गत क्रेडिट आउटरिच अभियान का सांसद राकेश सिंह, केन्ट क्षेत्र के विधायक अशोक ईश्वरदास रोहाणी और निगमायुक्त संदीप जी.आर. के द्वारा शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर मानस भवन प्रेक्षागृह में पी.एम. स्वनिधि योजना, स्ट्रीट वैंडर्स के साथ-साथ अन्य शासकीय योजनाओं के हितग्राही सैंकड़ों की संख्या में उपस्थित हुए तथा उन्हें धनराशि चेक वितरित कर लाभांवित किया गया। इस अवसर पर जबलपुर के सांसद राकेश सिंह ने बताया कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान समाज के सभी वर्गो के हितों की लगातार चिंता कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि विशेषकर कोरोना के महासंकट कॉल में जिन छोटे छोटे व्यापारी रोजगार के लिए परेशान थे उन्हें हमारे देश के माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं माननीय मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चैहान के द्वारा विशेष पहल की गयी और तमाम बैंकर्स के माध्यम से उन्हें सुविधाजनक तरीके से रोजगार करने हेतु ऋण राशि उपलब्ध कराई है जिससे आज लाखों गरीब परीवारों में खुशी का माहौल है। इस अवसर पर विधायक अशोक ईश्वरदास रोहाणी ने भी देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्य मंत्री शिवराज सिंह चैहान द्वारा संचालित अतिमहात्वकांक्षी एवं जलकल्याणकारी योजनाऍ की प्रशंसा की और उन्हें हृदय से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके द्वारा संचालित पी.एम. स्वनिधि योजना एवं स्ट्रीट वेंडर्स एवं अन्य योजनाऍ संजीवन का काम कर रही है। इस योजना से हितग्राही धनराशि प्राप्त कर अपने परिवार का मानसम्मान के साथ जीवकोपार्जन कर रहे हैं। उन्होंने ऐसे संचालित जनकल्याणकारी योजनों के लिए प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के प्रति कोटी कोटी धन्यवाद ज्ञापित किया है। इस अवसर पर शहर के सभी बैंकों के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।

## दीपावली के पूर्व बीएससी नर्सिंग फोर्थ ईयर का रिजल्ट घोषित किया जायेगा

**जबलपुर,** । मध्यप्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय के कुलपति बी.चंद्रशेखर के निर्देशन में परीक्षा नियंत्रक द्वारा छात्र संगठन के प्रतिनिधि व नर्सिंग छात्रा संघर्ष समिति को आश्वस्त किया गया कि दीपावली के पूर्व बीएससी नर्सिंग फोर्थ ईयर का रिजल्ट घोषित कर दिया जायेगा। साथ ही घोषित टाइम टेबल को आगे नही ब?ाया जायेगा। परीक्षा नियंत्रक ने कहा कि मुख्य परीक्षा के पूर्व प्रायोगिक परीक्षा आयोजित की जायेगी। उन्होंने कहा कि आज मंगलवार को पांच विषयों के परीक्षा परिणाम घोषित किये गये हैं। इसके अलावा परीक्षाएं समय पर हो इसलिए आज एमबीबीएस फाइनल पार्ट सेकेंड ईयर 2016 बैच डी,बीएससी नर्सिंग,एमडी आयुर्वेद फाइनल और एमएससी नर्सिंग सेकेंड ईयर का समय सारणी घोषित की गई है। जिससे समय पर परीक्षाएं व शीघ्र ही रिजल्ट घोषित हो सकें। साथ ही साथ मूल्यांकन कार्य भी तेजी से चल रहा है, जिसमें बीएससी नर्सिंग फोर्थ ईयर का मूल्यांकन लगभग पूर्ण होने की स्थिति में है और जल्दी ही परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया जायेगा।

## आवारा मवेशियों को पकड़ने की कार्रवाई जारी

**जबलपुर।** शहर में नगर निगम के फायर ब्रिगेड के द्वारा सुबह एवं शाम की पालियों में विशेष गैंग एवं वाहनों को लगाकर आवारा मवेशियों को धरपकड़ करने की कार्रवाई लगातार की जा रही है। जिससे की लोगों को आवागमन में राहत मिल सके। यह कार्रवाई निगमायुक्त संदीप जी.आर. के निर्देशानुसार की जा रही है। आज की कार्रवाई के संबंध में फायर अधीक्षक कुसाग्र ठाकुर एवं सहायक अधीक्षक राजेन्द्र पटैल ने बताया कि शहर की साफ सफाई, स्वच्छता और सुगम यातायात व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए निगमायुक्त संदीप जी.आर. के निर्देशानुसार नगर निगम के फायर ब्रिगेड (अग्नि शमन विभाग) के द्वारा आवारा मवेशियों को पकड़ने का अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत निगमायुक्त संदीप जी.आर. के निर्देशानुसार प्रतिदिन 20 से 25 आवारा पशुओं को पकड़ने तथा उसे गौशाला तथा कांजी हाउस में पहुॅचाने की कार्रवाई की जा रही है।

### आवारा कुत्तों को पकड़ने महाभियान से नागरिकों को राहत



जबलपुर। नगर निगम स्वास्थ्य विभाग के द्वारा निगमायुक्त संदीप जी.आर. के निर्देशानुसार शहर के आवारा कुत्तों को पकड़ने का अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत प्रतिदिन स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा शहर के अलग अलग विभिन्न क्षेत्रों में जाकर आवारा कुत्तों को पकड़ने की कार्रवाई की जाकर लोगों को राहत प्रदान की जा रही है। उन्होंने बताया कि जबलपुर में पिछले कुछ दिनों से आम नागरिकों की आवारा कुत्तों से परेशान होने की शिकायतें थी, जिसके अंतर्गत अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि आवारा कुत्तों से बहुत डर का सामना करना प? रहा था। कुत्ते बड़े बुजुर्गो को बेवजह भोकते थे जिसकी शिकायत आम जनता ने नगर निगम में की उसके बाद नगर निगम प्रातः कालीन डॉग टीम पहुचकर उस एरिया के समस्त आवारा कुत्तों को पडकने की कार्यवाही की गई जिससे आम नागरिकों को राहत मिली अब जनता के बीच आवारा कुत्तों का डर खत्म हो गया है।

## कांग्रेस के पूर्व प्रत्याशी मनीषा का निधन, क्षेत्र में शोक की लहर

बुढार। महिला कांग्रेस नेत्री एवं नगर परिषद की पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी श्रीमती मनीषा पाठक का आकस्मिक निधन अपोलो हॉस्पिटल बिलासपुर में हो गया द्य निधन की खबर सुनते ही क्षेत्र में शोक की लहर देखी जा रही हैद्य श्रीमती पाठक के आकस्मिक निधन पर पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष शालिनी सरावगी, नगर परिषद अध्यक्ष कैलाश विश्वानी, उपाध्यक्ष पुष्पेंद्र ताम्रकार, नगर पालिका धनपुरी की पूर्व अध्यक्ष रविंदर कौर छाबड़ा, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुजीत सिंह, अरविंद नायक, प्रदीप सिंह, अशोक चतुर्वेदी, शेखर चौधरी, राकेश पांडे, सुश्री उमा धुर्वे, ललन सिंह, रेणुका शुक्ला, प्रेम चमडिया, भानू दीक्षित, आदि ने शोक व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना की है।

## अपर कलेक्टर राजेश बाथम ने किया पाटन में राजस्व कार्यों का निरीक्षण

जबलपुर, अपर कलेक्टर श्री राजेश बाथम द्वारा आज मंगलवार को पाटन तहसील के ग्रामीण क्षेत्र का भ्रमण कर राजस्व कार्यो का निरीक्षण किया गया। अपर कलेक्टर ने भ्रमण के दौरान ग्राम सरोंद मे आयोजित राजस्व शिविर पहुँचकर ग्रामीणों एवं आवेदको से चर्चा की तथा प्राप्त आवेदनो को आर.सी.एम.एस पोर्टल पर दर्ज करने की प्रकिया का अवलोकन किया। उन्होंने सचिव ग्राम पंचायत सरोंद से पेशन पोर्टल एवं नल जल योजना के कार्यों की जानकारी प्राप्त की तत्परता से कार्य हेतु निर्देशित किया।

राजस्व शिविर अंतर्गत न्यायालय तहसीलदार पाटन अंतर्गत ग्राम पंचायत सरोंद मे फौती नामांतरण 40, नामांतरण के 5, बंटवारा के 6, ऋणपुस्तिका के 07 एवं अन्य कुल 69 आवेदन प्राप्त हुये, इसी प्रकार न्यायालय नायब तहसीलदार पाटन अंतर्गत ग्राम पंचायत पौडी (हरदुआ) मे कुल 33 आवेदन एवं न्यायालय नायब तहसीलदार कंटगी अंतर्गत कुल 66 आवेदन पत्र प्राप्त हुये।

अपर कलेक्टर श्री बाथम ने राजस्व शिविर के अवलोकन के बाद तहसील पाटन अंतर्गत ग्रामपंचायत करारी मनक्कारा मे हो रहे आबादी ड्रोन सर्वे कार्य का निरीक्षण किया एवं धान पंजीयन सत्यापन की जांच मौके पर खसरा नम्बर 318 के किसान श्री पुरूषोतम साहू के खेत मे लगी फसल की जांच की। उन्होंने ग्राम रोसरा मे भी धान पंजीयन कृषक रूद्रेश गोटिया, मंयक गोटिया आदि के खेत मे लगी फसलों का मौके पर सत्यापन की जांच की। साथ ही पाटन मे नवीन अनुविभागीय अधिकारी एवं तहसील कार्यालय संयुक्त भवन निर्माण हेतु भूमि उपलब्धता का स्थल निरीक्षण किया गया। भ्रमण के दौरान अनुविभागीय अधिकारी पाटन शाहिद खान, तहसीलदार पाटन प्रमोद चतुर्वेदी, नायब तहसीलदार पाटन सुरभि जैन उपस्थित रहे।

## शासकीय योजनाओं के हितग्राहियों का संभागवार भौतिक सत्यापन जारी

जबलपुर। मध्यप्रदेश शासन के द्वारा अनेकों जनकल्याणकारी योजनाएॅ संचालित की जा रहीं हैं जिससे लाखों हितग्राहियों को प्रतिमाह नगर निगम जबलपुर द्वारा लाभ पहॅुचाया जा रहा है। शासन से संचालित सभी शासकीय योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन के लिए निगमायुक्त संदीप जी.आर. ने एक व्यवस्थित टीम तैयार की है जो प्रतिमाह पेंशनधारियों के खाते में शासन के निर्देशानुसार लाभांश राशि बैंकों के माध्यम से वितरित की जा रही है। इस संबंध में योजना विभाग के प्रभारी इन्द्र कुमार वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया है कि शासन के निर्देश प्राप्त हुए हैं, कि वर्तमान वित्तीय वर्ष में समस्त पेंशनधारी हितग्राहियों का भौतिक सत्यापन कराया जाना है। जिसके परिपालन में संभागवार शासन के समस्त पेंशन हितग्राहियों का भौतिक सत्यापन संभागवार किया जा रहा है। योजना प्रभारी श्री वर्मा ने बताया कि 10 :00 बजे शाम 06 :00 बजे तक सभी संभागों के अंतर्गत सत्यापन का कार्य हो रहा है। उन्होंने सभी हितग्राहियों से आग्रह किया है कि अपने सभी आवश्यक दस्तावेज लेकर नजदीकी के संभागीय कार्यालयों में जाकर सत्यापन का कार्य कराएँ ताकि खाते में शुचारू रूप से पेंशन की राशि भेजी जा सके।

## संगठन एवं प्राधिकरण में पद हेतु कार्यकर्ताओ की निगाहें

**शहडोल।** भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्य समिति के गठन के पश्चात अब भाजपा कार्यकर्ताओं की निगाहें मोर्चा प्रकोष्ठ एवं प्राधिकरण में पद पाने के लिए लगे हुए हैंद्य भारतीय जनता पार्टी में अभी भारतीय जनता युवा मोर्चा, भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा ,पिछड़ा वर्ग मोर्चा, किसान मोर्चा, अनुसूचित जाति मोर्चा ,अनुसूचित जनजाति मोर्चा सहित प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष पद का मनोनयन नहीं हो पाया हैद्य भारतीय जनता पार्टी में उम्र की गाइड लाइन के कारण 50 उम्र पार वाले कार्यकर्ताओं को निराशा हाथ लगी हैद्य युवा मोर्चा में भी उमर की गाइडलाइन हैद्य मोर्चा एवं प्रकोष्ठ ओं के अलावा विंध्य विकास प्राधिकरण एवं अमरकंटक विकास प्राधिकरण में भी कार्यकर्ताओं ने किया जाना हैद्य हालांकि विधानसभा चुनाव 3 वर्ष बीत गए हैं और 2023 में अगला विधानसभा चुनाव होना हैद्य यानी अब 2 वर्ष ही बाकी हैद्य संगठन के अन्य मोर्चा प्रकोष्ठ एवं प्राधिकरण में मनोनयन ना हो पाने से कार्यकर्ताओं में असंतोष की लहर भी देखी जा रही हैद्य कई भाजपा कार्यकर्ताओं ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि कांग्रेस के शासनकाल में कांग्रेस संगठन द्वारा अपने कार्यकर्ताओं को उपकृत कर नगर पालिका में समिति का गठन करते हुए 5-5 कार्यकर्ताओं को उपकृत किया गया था जिसमें अध्यक्ष उपाध्यक्ष सहित तीन सदस्य बनाए गए थे लेकिन भारतीय जनता पार्टी द्वारा ऐसे किसी प्रकार के प्रयास नहीं किए जा रहे हैंद्य जबकि शहडोल संभाग अंतर्गत कई नगरीय निकायों के कार्यकाल खत्म हो चुके हैं और वहां प्रशासक एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी मिलकर संचालन कर रहे हैंद्य इसके अलावा समस्त महाविद्यालयों में जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष पद पर भी मनोनयन नहीं किया गया हैद्य जबकि कांग्रेस शासनकाल में 15 माह के अंदर ही समस्त कॉलेजों में जनभागीदारी के अध्यक्ष बनाए गए थेद्य आखिर भाजपा संगठन पर क्या मजबूरी है कि हमेशा की तरह मनोनयन करने में विलंब किया जाता हैद्य पूर्व में विंध्य विकास प्राधिकरण में शहडोल संभाग के वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ताओं को भाजपा संगठन द्वारा स्थान दिया गया थाद्य लेकिन वर्तमान समय में विंध्य विकास प्राधिकरण में भी मनाया नहीं हो पाया है और संभाग के अंतर्गत ही अमरकंटक विकास प्राधिकरण में भी अध्यक्ष उपाध्यक्ष एवं सदस्यों को मनोनीत अभी तक नहीं किया गया है।

## संगठन एवं प्राधिकरण में पद हेतु कार्यकर्ताओ की निगाहें

शहडोलद्य भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्य समिति के गठन के पश्चात अब भाजपा कार्यकर्ताओं की निगाहें मोर्चा प्रकोष्ठ एवं प्राधिकरण में पद पाने के लिए लगे हुए हैंद्य भारतीय जनता पार्टी में अभी भारतीय जनता युवा मोर्चा, भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा ,पिछड़ा वर्ग मोर्चा, किसान मोर्चा, अनुसूचित जाति मोर्चा ,अनुसूचित जनजाति मोर्चा सहित प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष पद का मनोनयन नहीं हो पाया हैद्य भारतीय जनता पार्टी में उम्र की गाइड लाइन के कारण 50 उम्र पार वाले कार्यकर्ताओं को निराशा हाथ लगी हैद्य युवा मोर्चा में भी उमर की गाइडलाइन हैद्य मोर्चा एवं प्रकोष्ठ ओं के अलावा विंध्य विकास प्राधिकरण एवं अमरकंटक विकास प्राधिकरण में भी कार्यकर्ताओं ने किया जाना हैद्य हालांकि विधानसभा चुनाव 3 वर्ष बीत गए हैं और 2023 में अगला विधानसभा चुनाव होना हैद्य यानी अब 2 वर्ष ही बाकी हैद्य संगठन के अन्य मोर्चा प्रकोष्ठ एवं प्राधिकरण में मनोनयन ना हो पाने से कार्यकर्ताओं में असंतोष की लहर भी देखी जा रही हैद्य कई भाजपा कार्यकर्ताओं ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि कांग्रेस के शासनकाल में कांग्रेस संगठन द्वारा अपने कार्यकर्ताओं को उपकृत कर नगर पालिका में समिति का गठन करते हुए 5-5 कार्यकर्ताओं को उपकृत किया गया था जिसमें अध्यक्ष उपाध्यक्ष सहित तीन सदस्य बनाए गए थे लेकिन भारतीय जनता पार्टी द्वारा ऐसे किसी प्रकार के प्रयास नहीं किए जा रहे हैंद्य जबकि शहडोल संभाग अंतर्गत कई नगरीय निकायों के कार्यकाल खत्म हो चुके हैं और वहां प्रशासक एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी मिलकर संचालन कर रहे हैंद्य इसके अलावा समस्त महाविद्यालयों में जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष पद पर भी मनोनयन नहीं किया गया हैद्य जबकि कांग्रेस शासनकाल में 15 माह के अंदर ही समस्त कॉलेजों में जनभागीदारी के अध्यक्ष बनाए गए थेद्य आखिर भाजपा संगठन पर क्या मजबूरी है कि हमेशा की तरह मनोनयन करने में विलंब किया जाता है।

## दीया बेचने वालों से नहीं वसूला जाएगा बैठकी



**बुढार।** दीपावली के अवसर पर नगर के फुटपाथ पर मिट्टी के दीए दीपक कलश एवं मिट्टी से बनी अन्य सामग्री की दुकानें लगाने वाले कुंभ कारों से किसी तरह की बैठ की शुल्क वसूल नहीं की जाएगी नगर पंचायत अध्यक्ष कैलाश विश्वानी ने कहा कि इसके लिए संबंधित विभाग द्वारा बसुरी ठेकेदार के लिए गठित कर दिया गया है अध्यक्ष ने लोगों से अपील की है कि पर्यावरण संरक्षण एवं ऐसे दुकानदारों की रोजी-रोटी को ध्यान में रखते हुए मिट्टी के कलश एवं दीपों की ही खरीदारी करें

## एमेजन इन ने धनतेरस स्टोर का किया ऐलान

**एजेंसी।** आपकी खरीदारी . सोनाए चांदी सिक्के और आभूषण से लेकर पूजा के सामानए इलेक्ट्रॉनिक्सए होम डिकोरए एसेसरीजए डिजिटल गोल्ड आदि की सभी जरूरतों को पूरा करने के लिए वन स्टॉप डेस्टिनेशन

छंजपवदंसए अक्टूबरए 2021 रू धनतेरस के शुभ अवसर से पहलेए ।उंवदण्पद ने आज अपने ष्धनतेरस स्टोरष् का ऐलान किया हैए जो सोना और चांदी के सिक्कोंए त्योहारी आभूषणए इलेक्ट्रॉनिक्सए पूजा के सामानए होम डिकोरए बड़े अप्लायंसेजए स्मार्टफोनए एसेसरीजए अमेजन डिवाइसए डिजिटल गोल्ड आदि विशेष रूप से चुने गए उत्पादों के व्यापक विकल्प आपके सामने रखता है।. हर किसी को घर के आराम की विशेष जरूरतों के अनुरूप लाखों उत्पादों की पेशकश करता हैए जिसकी उन्होंने आगामी त्योहारों के लिए योजना बनाई है। ग्राहक मालाबार गोल्ड और हीरोंए कैंडेरे बाई कल्याण ज्वैलर्सए हेर्सेज फैशन ड्रीमए बीबाए मान्यवरए मेबिलाइनए सोनीए वन प्लसए प्रेस्टीजए फेरेरो रोशेरए हैप्पिलो जैसे अग्रणी ब्रांडों से उत्पादों का चयन कर सकते हैं।

बड़े ब्रांडों के अलावाए धनतेरस स्टोर् बेहतर मूल्य और सुविधा के साथ उभरते हुए छोटे और मझोले उपक्रमों के हजारों उत्पादों के सबसे बड़े सलेक्शन की पेशकश भी करेगा। घर के लिए त्योहार की सजावट से जुड़े उत्पादों से लेकर इथनिक वियर तक सेए छोटे भारतीय उपक्रमों सेए ग्राहक अपने सबसे बेहतरीन उत्पादों की खोज कर सकते हैं जिनकी पेशकश पूरे भारत भर से विक्रेताओं द्वारा की जा रही है।

इसके अलावाए धनतेरस के शुभ अवसर को मनाने के लिएए अमेजन पे 20 अक्टूबर से 2 नवंबर तक अपने सभी ग्राहकों को डिजिटल गोल्ड पर कैशबैक की पेशकश करेगी। ।उंवदण्पद ;सिर्फ ।ण्पद ऐप परद्ध पर डिजिटल गोल्ड की खरीद पर सभी प्राइम मेंबर 5 प्रतिशत कैशबैकए जबकि नॉन प्राइम मेंबर 3 प्रतिशत कैशबैक का लाभ उठा सकते हैं। इस फेस्टिव सीजन के आदर्श उपहार के रूप मेंए ग्राहक अपने प्रियजनों को तुरंत गोल्ड वाउचर्स भी भेज सकते हैं और जोस अलुक्कासए जॉय अलुक्काजए पीसीजेए कल्याण ज्वेलर्स आदि अपने पसंदीदा ब्रांडों से 5 प्रतिशत तक छूट हासिल कर सकते हैं। वे अपने घरों पर सुरक्षा और सुविधा के साथ 2ए000 रुपये तक के गिफ्ट कार्ड भी भेज सकते हैं और 200 रुपये का कैशबैक हासिल कर सकते हैं।

ग्राहक अमेजन के शॉपिंग ऐप ;केवल एंड्रॉयडद्ध पर एलेक्सा का उपयोग करके श्धनतेरस स्टोरश् तक पहुंचने के लिए अपनी आवाज का इस्तेमाल कर सकते हैं। यूजर्स ऐप पर माइक आइकॉन को दबा सकते हैं और कर सकते हैं दृ श्अलेक्साए गो टू धनतेरस स्टोरश् और सीधे स्टोर पर जा सकते हैं।

यहां कुछ प्रमुख विकल्प हैंए जिन्हें ग्राहक ।उंवदण्पद के ष्धनतेरस स्टोरष् से चुन सकते हैं। सभी ऑफर और डील इसमें शामिल सेलर्स की तरफसे हैं।

## एक बार फिर जन स्वास्थ रक्षक डॉ लोटन सिंह मार्को द्वारा जन हितैषी कार्य किया गया



कुंडम। सेवा ही परमो धर्मो को चारितारथ करते हुए वृद्ध आदिवासी एवं असहाय लोगों की मदद करते हुए पूर्व सरपंच डॉ लोटन सिंह मार्को द्वारा टुरका एवं अमेरा गाव में निशुल्क चस्मा एवं ताकत की दवाई वितरण किया गया जिसमें टुरका पंचायत के पूर्व सरपंच श्री संतु सिंह मरावी एवं पूर्व सरपंच श्रीमती शुशीला मरावी विशाल कुलस्ते श्री नारायण सिंह वरकड़े तिवारी सिंह शंकर सिंह एवं सुरेश सिंह वरकड़े एवं समस्त ग्रामवासी उपस्थित थे लोटन सिंह मार्को द्वारा ऐसे कई जन हितैषी कार्य करते हैं जैसे बिमार व्यक्तियों को डॉक्टरों तक पहुंचाना मरीजों के साथ रहकर इलाज करवाना एवं शासन द्वारा जन हितैषी कार्यओ मे हाथ बंटाते रहते हैं।

## अपोलो हॉस्पिटल्स ने सहरुग्णता को.मॉर्बिडिटीज वाले बच्चों के लिए मुफ्त कोविड टीकाकरण की घोषणा की

**इंदौर।** एशिया के अग्रणी एकीकृत स्वास्थ्य सेवा प्रदाताए अपोलो हॉस्पिटल्स ने आज अपने अस्पताल नेटवर्क में विशिष्ट सहरुग्णता ;को.मॉर्बिडिटीजद्ध वाले बच्चों के लिए कोविड.19 के मुफ्त टीकाकरण की घोषणा की।

यह अनुमान है कि विशिष्ट सहरुग्णता ;को.मॉर्बिडिटीजद्ध वाले बच्चों के टीकाकरण के लिए जल्द ही अनुमति दी जाएगी और टीकाकरण के लिए अनुमानित आयु.समूह के अनुमोदन के तुरंत बाद अपोलो अस्पताल द्वारा मुफ्त टीकाकरण पहल शुरू की जाएगी। इस सूची में हेमटोलॉजिकल, न्यूरोलॉजिकल, कार्डियक, लीवर, गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल, रुमेटिक, कैंसर, श्वसनए जननांग और विकास संबंधी विकारों वाले बच्चों को शामिल करने की उम्मीद है। हालांकिए यह एक सांकेतिक सूची है और मुफ्त टीकाकरण के लिए उपयुक्त सहरुग्णता रोगों की अंतिम सूची सरकार द्वारा प्रकाशित सूची के अनुसार होगी।

अपोलो हॉस्पिटल्स ग्रुप के चेयरमैन डॉ प्रताप सी रेड्डी ने कहाए ष्वयस्कों पर अब तक टीकाकरण का फोकस रहा हैए क्योंकि कुल मिलाकर बच्चों को गंभीर कोविड संक्रमण से बचाया गया है। हालांकिए सह.रुग्णता ;को.मॉर्बिडिटीजद्ध वाले बच्चों के केस में ऐसा नहीं है। इन बच्चों में गंभीर संक्रमण होने का खतरा बना रहता है। इसके अलावाए सहरुग्णता वाले बच्चों ने महत्वपूर्ण मनोसामाजिक प्रभाव देखा है क्योंकि लॉकडाउन की वजह से उन्हें उस तरह की देखभाल और विशेष उपचार नहीं मिल पाया जिसकी उन्हें आवश्यकता होती है। सरकार की ओर से सहरुग्णता वाले बच्चों के लिए वैक्सीन की मंजूरी एक स्वागत योग्य कदम होगा।

### आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं सीमा जैन पति स्वर्गीय अनिल राज जैन निवासी 502, अग्रवाल कालोनी जबलपुर मप्र की विधिवत व्याहता धर्मपत्नी हूं। श्री अनिल राज जैन से मेरी दो संतान 1 श्रुति जैन उम्र 26 वर्ष एवं कु अवधि जैन उम्र 23 वर्ष है। मेरे पति नगर पालिका निगम जबलपुर में शासकीय पंजीकृत ठेकेदार थे जिनकी मृत्यु दिनांक 21 अप्रैल 2021 को हो चुकी है। उनकी मृत्यु उपरांत प्राप्त होने वाले उपदानों को विधिक वारसान होने के नाते मैं समस्त उपदानों को प्राप्त करने की एकमात्र अधिकारिणी हूं एवं नगर पालिक निगम जबलपुर द्वारा मुझे मेरे पति स्वर्गीय अनिलराज जैन की मृत्यु उपरांत प्राप्त होने वाले बकाया भुगतानों का भुगतान मुझे किया जा रहा है। जिसे प्राप्त करने की एक मात्र विधिक उत्तराधिकारी हूं। यदि किसी व्यक्ति या संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति या उत्तरदाता हो तो आयुक्त कार्यालय नगर निगम जबलपुर में अपनी आपत्ति प्रकाशन के सात दिवस के भीतर दर्ज करावें। मेरे उत्तराधिकार के संबंध में सात दिवस पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

दिनांक 26/10/2021

**सूचनाकर्ता**
**श्रीमती सीमा जैन**
**पति स्व. अनिलराज जैन**
**मकान नंबर 502, अग्रवाल कालोनी**
**जबलपुर**




# हरभजन VS आमिर-जीत पर पाकिस्तानी गेंदबाज ने भज्जी को ट्रोल किया

## जवाब में भारतीय स्पिनर ने स्पॉट फिक्सिंग की याद दिलाई



मैच खत्म हुए तीन दिन बीत चुके हैं, लेकिन पाकिस्तान के खिलाड़ियों पर से अब जीत का नशा नहीं उतरा है। पाकिस्तान के कुछ पूर्व खिलाड़ी बद्तमीजी से बाज नहीं आ रहे हैं और वह भारतीय खिलाड़ियों को ट्रोल कर रहे हैं। ऐसा ही कुछ माजरा भारत के पूर्व स्पिनर हरभजन सिंह और पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज मोहम्मद आमिर के बीच देखने को मिला। हरभजन और आमिर के बीच मंगलवार रात जमकर ट्विटर पर वार-पलटवार देखने को मिला। आमिर जहां लगातार हरभजन पर तंज कस रहे थे तो वहीं भज्जी ने आमिर को मुंहतोड़ जवाब दिया। आइए जानते हैं कि कैसे शुरू हुआ ये पूरा मामला।

### वॉकओवर वाले मजाक पर भड़के आमिर

दरअसल, पहली बार भारत को विश्व कप में पाकिस्तान के हाथों हार झेलनी पड़ी। मैच से पहले हरभजन ने मजाक करते हुए कहा था कि विश्व कप में भारत को पाकिस्तान को वॉतओवर देना चाहिए, क्योंकि पाक टीम विश्व कप में भारत के खिलाफ एक भी मैच नहीं जीत सकी है। इसके बाद पाक टीम जीत गई और जीत के नशे में चूर आमिर ने हरभजन पर तंज कसा। उन्होंने लिखा- मैं जानना चाह रहा था कि हरभजन पाजी ने अपना टीवी तो नहीं तोड़ा?

### सिक्स की लैंडिंग से टीवी तो नहीं टूटा?

इस ट्वीट का जवाब देते हुए हरभजन ने 19 जून 2010 को दांबुला में खेल गए एशिया कप के चौथे मैच का वीडियो शेयर किया। इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा- अब

## हवाओं से बात कर रहे पाकिस्तान के खिलाड़ी

तुम भी बोलोगे मोहम्मद आमिर। इस सिक्स की लैंडिंग तुम्हारे घर के टीवी पर तो नहीं हुई थी? कोई नहीं होता है अंत में यह सिर्फ एक खेल ही है जैसा कि आपने कहा।

### अफरीदी के छक्के से हरभजन को चिढ़ाया

भज्जी के ट्वीट के बाद आमिर ने भारत-पाकिस्तान के बीच टेस्ट मैच एक वीडियो शेयर किया। इस वीडियो के कैप्शन में आमिर ने लिखा, मैं थोड़ा बिजी था हरभजन सिंह। आपकी गेंदबाजी देख रहा था। जब लाला (शाहिद अफरीदी) ने आपके चार गेंदों पर चार छक्के लगाए थे। क्रिकेट है, लग सकता है, लेकिन टेस्ट क्रिकेट में ये थोड़ा ज्यादा हो गया।

### हरभजन ने दिया मुंहतोड़ जवाब

जब आमिर ने अपनी सीमाएं लांघी तो हरभजन भड़क गए और उन्होंने आमिर को मैच फिक्सिंग वाले मामले की याद दिलाई। भज्जी ने आमिर को जवाब देते हुए लिखा- लॉर्ड्स में नो बॉल कैसे हो गया था? कितना लिया किसने दिया? टेस्ट क्रिकेट है नो बॉल कैसे हो सकता है? इस खूबसूरत खेल को बदनाम करने के लिए आप पर शर्म आती है।

### आमिर ने पार की बेशर्मी की हद

आमिर इतने पे नहीं माने और उन्होंने इसके बाद फिर से ट्वीट किया और लिखा-भागो भागो लाला (शाहिद अफरीदी) आया। हरभजन भी यहीं नहीं रुके उन्होंने भी जवाब देते हुए ट्वीट किया- आप जैसे लोगों के लिए मोहम्मद आमिर, केवल पैसा, पैसा, पैसा, पैसा...ना इज्जत न कुछ और सिर्फ पैसा...बताओगे नहीं अपने देश वालो को और समर्थकों को कितना मिला था...दफा हो जाओ...इस खेल का अपमान करने के लिए मुझे आप जैसे लोगों से बात करने में भी घिन आती है

### आमिर ने फिर की गलत बयानबाजी

इसके बाद आमिर ने हरभजन को टैग कर लिखा- %%बड़े ही ढीठ हो...मेरे अतीत के बारे में बात करने से यह तथ्य नहीं बदलेगा कि तुमको और तुम्हारी टीम को तीन दिन पहले मुंह की खानी पड़ी। साथ ही आपके गलत बॉलिंग एक्शन का क्या? अब निकलो और हमको विश्व कप जीतता हुआ देखो। वॉक ओवर तो नहीं मिला...जाओ पार्क में वॉक करो तुम बेहतर महसूस करोगे।

हरभजन ने आमिर को छक्के की याद दिलाई

इसके बाद हरभजन ने 2010 एशिया कप में पाकिस्तान के खिलाफ मैच का वीडियो शेयर किया। इसमें उन्होंने आमिर की गेंद पर छक्का लगाकर भारत को मैच जिताया था। इसी मैच में गौतम गंभीर और कामरान अकमल भिड़े थे। भज्जी ने ट्वीट में लिखा- फिक्सर को सिक्सर.. आउट ऑफ द पार्क...मोहम्मद आमिर...चल दफा हो जा। इसके बाद आमिर गुड नाइट कहकर निकलते बने।

### आमिर पर स्पॉट फिक्सिंग का आरोप

2010 में पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज मोहम्मद आमिर पर स्पॉट फिक्सिंग का आरोप लगा था। इंग्लैंड दौरे पर टेस्ट मैच के दौरान उन्होंने कई नो बॉल फेंके थे। जांच में इसकी पुष्टि भी हुई थी। फिर उनपर पांच साल का प्रतिबंध भी लगा था। आमिर ने बाद में सार्वजनिक रूप से माफी मांगी थी। इसके बाद उन्होंने दोबारा अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी की थी। हालांकि, पिछले साल पाकिस्तान टीम मैनेजमेंट से झगड़े के बाद आमिर ने संन्यास ले लिया था।



ऋतिक रोशन अपनी आगामी फिल्म विक्रम वेधा के हिंदी रीमेक को लेकर काफी चर्चा में हैं। खबरें आ रही हैं कि अभिनेता ने फिल्म के पहले एक्शन सीक्वेंस की शूटिंग को पूरा कर लिया है। इस एक्शन सीक्वेंस शेड्यूल के रैप की जानकारी अभिनेता मंसूर अली खान ने दी है। नई दिल्ली। ऋतिक रोशन अपनी आगामी फिल्म विक्रम वेधा के हिंदी रीमेक को लेकर काफी चर्चा में हैं। अब खबरें आ रही हैं कि अभिनेता ने फिल्म के पहले एक्शन सीक्वेंस की शूटिंग को पूरा कर लिया है। इस एक्शन सीक्वेंस शेड्यूल के रैप की जानकारी अभिनेता मंसूर अली खान ने तस्वीरें शेयर कर दी है, जिसमें वो टीम मेंबर और अभिनेता ऋतिक रोशन के साथ नजर आ रहे हैं। उनकी ये तस्वीरें सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं। मंसूर ने इन तस्वीरों को फिल्म निर्माता और एक्टर को टैग करते हुए लिखा, पहला क्रेजीएस्ट एक्शन सीक्वेंस पूरा हो गया है। चीयर्स टू ऋतिक रोशन, परवेज शेख। बता दें कि ऋतिक रोशन में अपने इस एक्शन सीक्वेंस के शेड्यूल को दशहरे के मौके पर शुरू कर था। इसकी जानकारी उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर कर दी थी,

# ऋतिक रोशन ने खत्म किया पहला एक्शन सीक्वेंस विक्रम वेधा



जिसमें वो अपनी टीम के मेंबर के साथ वॉक करते नजर आ रहे थे। ये फिल्म विक्रम-बेताल की ऐतिहासिक कहानी पर आधारित है, जिसमें एक गैंगस्टर अपनी कहानी सुना हर बार पुलिस वाले से बचकर भाग जाता है। आपको बता दें कि फिल्म विक्रम वेधा साल 2017 में आई आर. माधवन और विजय सेतुपति की तमिल फिल्म का हिंदी रीमेक है। इस हिंदी रीमेक फिल्म को पुष्कर और गायत्री निर्देशन में बनाया जा रहा है। फिल्म का निर्मात वाई नॉट स्टूडियों के बैनर तले किया जा रहा है। वहीं इस फिल्म में ऋतिक रोशन और सैफ अली खान के अलावा साउथ के सुपरस्टार बाहुबली प्रभास लीड रोल निभा रहे हैं। फिल्म को अगले साल सितंबर में रिलीज की जा सकती है। वही बात अगर उनके वर्कफ्रंट की बात करें तो वो जल्द ही सिद्धार्थ आनंद द्वारा निर्देशित फिल्म फाइटर में अभिनेत्री दीपिका पादुकोण के साथ अहम किरदार में नजर नजर आने वाले हैं। इस फिल्म से अभिनेता ऋतिक रोशन डिजिटल पर अपने डेब्यू करने वाले हैं। उन्हें आखिरी बार साल 2019 में 'वार' में नज़र आए थे।

# विंटर रोमांस के लिए कश्मीर पहुंचीं एक्ट्रेस नुसरत जहां

### फोटो कैप्शन में यश दासगुप्ता के लिए लिखी रोमांटिक बात

नई दिल्ली। तृणमूल कांग्रेस की सांसद और बंगाली फिल्मों की जानी-मानी अभिनेत्री नुसरत जहां बेटे की मां बनने के बाद यश दासगुप्ता के साथ अपनी रिलेशनशिप को लेकर धीरे-धीरे ओपन हो रही हैं और सोशल मीडिया के जरिए उनके साथ गुजारे जाने वाले पलों को साझा कर रही हैं। नुसरत अब यश के साथ कश्मीर की वादियों में पहुंची हैं, जहां स्नोफॉल का लुत्फ उठा रही हैं। नुसरत ने अपनी तस्वीर इंस्टाग्राम पर साझा करके इसकी जानकारी दी है और कैप्शन में यश के लिए अपना प्यार जाहिर किया। तस्वीर में नुसरत नीले रंग की जैकेट पहने हुए हैं। हाथों में छाता थामा हुआ है और आस-पास बर्फ गिर रही है। इस तस्वीर के साथ नुसरत ने जो हैशटैग्स लिखे हैं, उनसे अंदाजा लगाया जा सकता है कि एक्ट्रेस रोमांटिक मूड में हैं। नुसरत ने तस्वीर के साथ लिखा- अगर किसेज बर्फ के टुकड़े होते तो मैं तुम्हें बर्फ का तूफान भेजती। इसके साथ नुसरत ने कश्मीर वैली, स्नोफॉल, हॉट चॉकलेट वेदर और विंटर रोमांस हैशटैग लिखे हैं। नुसरत ने फोटो का क्रेडिट यश दासगुप्ता को दिया है और उनके नाम से पहले बिलवेड यानी प्रियतम लिखा है।नुसरत ने अभी तक आधिकारिक तौर पर यश दासगुप्ता के साथ शादी की घोषणा नहीं की है, मगर ऐसे कई संकेत उनकी सोशल मीडिया पोस्ट से मिले हैं, जिससे दोनों के गहरे रिश्ते का पता चलता है। नुसरत अगस्त में बेटे की मां बनीं, जिसका नाम इशान रखा है। कुछ दिन पहले यश के जन्मदिन पर नुसरत ने इंस्टाग्राम स्टोरी में केक की फोटो शेयर की थी, जिस पर पति और पिता अंकित था। यश ने बात करते हुए कहा था, 'जब नुसरत ने मुझे बताया तो मैं इससे घबराया नहीं। मैंने बस उनसे इतना कहा कि अगर वो ऐसा चाहती हैं तो मुझे कोई दिक्कत नहीं है। ये





मेरा शरीर नहीं है, इनका शरीर है, इन्हें फैसला करना है। मैं बच्चा चाहता था, लेकिन मैं अपना फैसला नुसरत पर थोप नहीं सकता था। बल्कि उसने मुझसे कहा था अगर मैं इससे बच्चे को नहीं रखना चाहता तो कोई बात नहीं है वो रखेगी। मेरे पास बच्चा पैदा करने के अपने कारण हो सकते हैं। लेकिन, मुझे बताओ, जो लोग हमारे बारे में बात कर रहे थे, वे क्या उम्मीद कर रहे थे? मैं एक गर्भवती महिला को ऐसे ही छोड़ दूं? क्या दुनिया की नजर में ऐसा करना उचित होता?'। वहीं नुसरत ने कहा, 'ये (यश) बिल्कुल नहीं घबराया। ये हमारा म्यूचल फैसला था। हमें फर्क नहीं पड़ता कि दुनिया क्या सोचती है। या तो ये मुझे स्ट्रॉन्ग कहेंगे या फिर मुझे नाम से बुलाएंगे। नुसरत और यश, पिछले साल रिलीज़ हुई फ़िल्म एसओएस कोलकाता में साथ आये थे। फिल्म जी 5 पर भी स्ट्रीम की जा चुकी है।



# करण कुंद्रा ने अपनी एक्स गर्लफ्रैंड अनुषा से की शमिता शेट्टी की तुलना

नई दिल्ली। टीवी एक्टर करण कुंद्रा इस वक्त 'बिग बॉस 15' के सबसे चर्चित और मज़बूत प्लेयर में से एक हैं। करण को न सिर्फ दर्शक बल्कि घर में आने वाले मेहमान और घर के सदस्य भी काफी पसंद कर रहे हैं। करण को फराह ख़ान ने नंबर 1 कंटेस्टेंट बताया था इसके अलावा घरवाले भी उन्हें घर का सबसे सच्चे इंसान का खिताब दे चुके हैं।इन सबके अलावा करण इन दिनों तेजस्वी से दोस्ती को लेकर भी काफी खबरों में हैं। करण और तेजस्वी के बीच एक अलग तरह का बॉन्ड देखा जा रहा है जो दोस्ती से कुछ ज्यादा ही नज़र आ रहा है। बीते दिनों तो दोनों शादी और बच्चों को लेकर भी बातचीत करते नज़र आए। इसी दौरान करण ने तेजस्वी के सामने अपनी एक्स गर्लफ्रेंड अनुषा का भी जिक्र किया।करण ने बताया कि अनुषा और शमिता शेट्टी में बहुत सारी समानताएं हैं। न सिर्फ बर्ताव में बल्कि दिखने में भी दोनों में काफी चीज़ें मैच करती हैं। करण ने बताया प्रतीक ने शमिता को देखा तो उसे इनका और मेरी एक्स गर्लफ्रेंड का लुक बहुत एक जैसा लगा तो वो बोलने लगा 'ये मेरी भाभी है'। करण की बात सुनकर तेजस्वी कहती हैं, 'प्रतीक सही बोल रहा है दोनों में काफी समानताएं हैं। दोनों के बाल कुछ-कुछ एक जैसे हैं और बॉडी भी'।इसके बाद करण बातचीत को आगे बढ़ाते हुए बताते हैं अनुषा और शमिता काफी मिलते हैं 'ईमानदारी वाला फैक्टर, इमोशनल साइड, अगर एक बार कुछ फैसला कर लिया तो उस काम को नहीं छोड़ना' ये सारी चीजें दोनों में काफी एक जैसी हैं। करण की बातें सुनकर तेजस्वी उनसे पूछती हैं कि क्या वो शमिता को पसंद करते हैं? जवाब में करण साफ इनकार कर देते हैं और बताते हैं शमिता, राकेश बापट को बहुत पसंद करती हैं।आपको बताते चलें कि राकेश और शमिता बिग बॉस ओटीटी में साथ नज़र आए थे। खबरें हैं कि राकेश बिग बॉस 15 में भी एंट्री कर सकते हैं।







# 13 हजार 480 बेटियों को अकेला छोड़ा
# बंद हुई किशोरी बालिका योजना



## स्कूल छोड़ चुकी किशोरियों को स्वावलंबी बनाने के लिए शुरू की गई थी

| क्रं | संभाग | कुल आंगनवाडी | रिपोर्टिंग आंगनवाडी | कुल किशोरी बालिकाएं |
|---|---|---|---|---|
| 1 | भोपाल | 9972 | 9972 | 541 |
| 2 | चम्बल | 6284 | 6284 | 647 |
| 3 | ग्वालियर | 7606 | 7606 | 1617 |
| 4 | होशंगाबाद | 4817 | 4817 | 288 |
| 5 | इंदौर | 17206 | 17206 | 7600 |
| 6 | जबलपुर | 17350 | 17350 | 405 |
| 7 | रीवा | 9921 | 9921 | 935 |
| 8 | सागर | 9703 | 9703 | 404 |
| 9 | शहडोल | 3511 | 3511 | 161 |
| 10 | उज्जैन | 10765 | 10765 | 882 |
| | कुल | 97135 | 97135 | 13480 |

**जबलपुर, यशभारत। केंद्र और प्रदेश सरकार की महत्वकांक्षी किशोरी बालिका योजना को बंद कर दिया गया है। पीछे के दरवाजे से बंद की गई योजना की जानकारी उन किशोरियों तक भी नहीं पहुंचाई जो इसके भरोसे थी जबकि योजना बंद हुए 3 साल हो रहे हैं।**

यशभारत विशेष

प्रदेश में 13 हजार 480 किशोरियां इस योजना के तहत लाभ ले रही थी। ये योजना उन किशोरियों के लिए थी जिन्होंने किसी कारणवश स्कूल छोड़ दिया है। सरकार ने महिला एवं बाल विकास विभाग की मदद से इन किशोरियों को स्वावलंबी बनाने का सपना देखा था। हालांकि सरकार का सपना पूरा होता है उससे पहले इस योजना को हमेशा के लिए बंद कर दिया गया।

11 से 14 वर्ष की किशोरियों को शामिल किया गया था महिला एवं बालविकास विभाग ने किशोरी बालिका योजना में शाला छोड़ चुकी 11 से 14 वर्ष की लाड़लियों को शामिल किया था। इसका मुख्य उद्देश्य यही था कि बेटियां दर-दर न भटकें और उन्हें उचित मार्गदर्शन मिलता रहा और उनका भविष्य बन सके इसके लिए उन्हें समय-समय पर कार्यक्रमों के माध्यम से जागरूक किया जा सके।

### जबलपुर संभाग में 405 किशोरियां शामिल थी

किशोरी बालिका योजना के तहत जबलपुर संभाग से 405 किशोरियां शामिल थी। इन किशोरियों की देखरेख की जिम्मेदारी महिला एवं बाल विकास विभाग के माध्यम से आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकों की थी।

### यह था योजना का उद्देश्य

किशोरी बालिकाओं (11 से 15 आयु वर्ष) में स्वच्छता एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता लाना। उन्हें किशोरावस्था में होने वाले शारीरिक व मानसिक परिवर्तनों की जानकारी देना एवं सुरक्षित मातृत्व व शिशु देखभाल हेतु सक्षम बनाना। इसके अंतर्गत किशोरी बालिकाओं को आंगनबाड़ी केन्द्र से संलग्न कर स्वास्थ्य, पोषण, व्यक्तिगत स्वच्छता तथा अन्य आवश्यक विषयों पर प्रशिक्षण देना था। इसके साथ ही किशोरी बालिकाओं हेतु स्वास्थ्य जांच एवं हीमोग्लोबिन परीक्षण देना था।

### इनका कहना है

3 साल पहले यह योजना बंद कर दी गई है। किशोरियों की देखरेख आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं व सहायिकाओं द्वारा पहले की तरह की जा रही है। कुछ परेशानियां आती है जिसे समन्वयक बनाकर दूर किया जाता है।

**एमएल मेहरा, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बालविकास विभाग**

## अंग्रेजी पत्रकारिता का सितारा
# अंशुमान भार्गव दुनिया से अलविदा
### केन्द्रीय मंत्री प्रहलाद पटेल, मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान व राज्यसभा सदस्य विवेक कृष्ण तन्खा दी श्रध्दांजलि

**जबलपुर। हंसमुख, मिलनुसार पत्रकारिता में अपना अलग मुकाम हासिल करने वाले अंशुमान भार्गव वे-समय इस दुनिया में नहीं रहे। पत्रकारिता उनके रग-रग में थी। वे मध्यप्रदेश में अंग्रजी पत्रकारिता के सितारा थे। काफी समय से बीमारी से दो-दो हाथ कर रहे थे। लेकिन बीमारी से नहीं जीत पाए। दिल्ली में उन्होंने अंतिम सांस ली। अंशुमान अंग्रेजी अखबार दैनिक हितवाद के स्टेट एडिटर व एडिटर ऑफ गिल्ड के सदस्य थे।**



उनका अंतिम संस्कार आज नोएडा में किया गया। श्री भार्गव के निधन पर केन्द्रीय मंत्री प्रहलाद पटेल, मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, जबलपुर सांसद राकेश सिंह, राज्यसभा सदस्य विवेक कृष्ण तन्खा, यशभारत के संस्थापक आशीष शुक्ला, भाजपा नगर अध्यक्ष जी.एस. ठाकुर, कांग्रेस अध्यक्ष दिनेश यादव, विधायक विनय सक्सेना, लखन घनघोरिया, भाजपा ग्रामीण अध्यक्ष रानू तिवारी, रादुविवि छात्र परिषद के संयोजक धीरेन्द्र सिंह ठाकुर ने गहरा शोक व्यक्त करते हुये अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की है.।

### पत्रकारिता जगत के लिये अपूरणीय क्षति :मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि श्री अंशुमन भार्गव मिलनसार और मृदुभाषी व्यक्ति थे। श्री भार्गव का असमय चले जाना पत्रकारिता जगत के लिये अपूरणीय क्षति है। आयुक्त जनसंपर्क डॉ. सुदाम खाड़े एवं संचालक जनसंपर्क आशुतोष प्रताप सिंह ने भी पत्रकार श्री भार्गव के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है।

### अंग्रेजी पत्रकारिता में महत्वपूर्ण स्थान रिक्त हो गया-तन्खा

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता, राज्यसभा सांसद विवेक तन्खा ने कहा कि अंशुमान भार्गव के निधन से मध्यप्रदेश ने पत्रकारिता जगत का एक चमकता सितारा खो दिया। उनके निधन से प्रदेश की अंग्रेजी पत्रकारिता में महत्वपूर्ण स्थान रिक्त हो गया। सांसद विवेक तन्खा ने कहा कि हंसमुख और मिलनसार व्यक्तित्व के धनी अंशुमान भार्गव को पत्रकारिता की गहरी समझ थी। उन्होंने सामाजिक और जनजीवन से सरोकार रखने वाले मुद्दों को अपने लेखन में शामिल किया। महाकोशल के विकास की बुनियादी आवश्यकताओं पर उन्होंने अनेक बार आर्टिकल लिखे और शासन प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराया। वे इंग्लिश अखबार के सम्पादक होने के बावजूद आम आदमी से जुड़ाव रखते थे। जिस किसी से मिलते, उसे प्रभावित कर लेने का हुनर भी उनके पास था। श्री तन्खा ने कहा कि अंशुमान मेरे काफी करीब था। उसकी मुस्कुराहट, बात करने का अंदाज निराला था। उसका इस तरह दुनिया से जाना, सहसा विश्वास नहीं होता। अंशुमान भार्गव का जाना मेरे लिए व्यक्तिगत क्षति है। मैं परमपिता परमेश्वर से प्रार्थना करता हूं कि उन्हें अपने श्री चरणों मे स्थान दे तथा उनके परिवार को यह पहाड़ जैसा दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

## खेत में पलटा ट्रेक्टर
## दबा किसान, दर्दनाक मौत

जबलपुर, यशभारत। लार्डगंज में खेत में काम कर रहे एक किसान का टैक्टर पलट गया और वह वाहन के नीचे दब गया। जिसे वहां काम कर रहे श्रमिकों ने जैसे-तैसे बाहर निकाला और प्राथमिक उपचार के लिए भर्ती करवाया, लेकिन हालत खराब होने पर किसान को जबलपुर रेफर कर दिया गया। जहां दो दिन तक जिंदगी और मौत से जद्दोजहद कर रहे किसान ने एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गयी। पुलिस ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि हुकुम सिंह पिता देबी सिंह उम्र 43 साल, ग्राम बरौदा कला जिला दमोह का निवासी है। करीब चार दिन पहले वह कृषिकार्य कर रहा था, तभी अचानक ट्रेक्टर पलट गया। जिससे किसान ट्रैक्टर के नीचे दबा गया था। जिसे बमुश्किल बाहर निकालकर, स्थानीय किसानों और श्रमिकों ने प्राथमिक उपचारक के लिए स्थानीय स्वास्थ्य केन्द्र में भतीज़ किया। लेकिन घटना में अधिक रक्तस्त्राव होने से किसान को जबलपुर रेफ्र कर दिया गया था। जहां एक निजी अस्पताल में तीन दिन तक चले इलाज के बाद किसान ने दम तोड़ दिया। थाना लाडज़्गंज ने जीरो की कायमी कर, अग्रिम कारज़्वाई हेतु जांच डायरी स्थानीय थाना भेज रही है।

# चरगवां, पनागर व अधारताल में 3 महिलाओं से दुराचार

जबलपुर, यशभारत। चरगवां के सुनवारा में दो बच्चों की माँ के साथ रेप होने का मामला प्रकाश में आया है। जिसमें मोहल्ले का एक चितपरिचित युवक जबरन घर में घुसा और महिला को अपनी हवस का शिकार बनाया। युवती के शोर मचाने पर पति ने आरोपी को दबोच लिया, लेकिन वह भाग खड़ा हुआ। जिसकी रिपोटज़् पीड़िता ने थाना चरगवां में की। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। थाना प्रभारी विनोद पाठक ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि ग्राम सुनवारा में एक 30 वषीज़्य महिला ने रिपोटज़् दर्ज करवाई थी कि दरमियानी रात जब उसका पति किसी काम से बाहर गया था, तभी मोहल्ले में रहने वाला प्रेम कुमार कुछवाहा उम्र 30 वषज़् आधी रात को घर का दरबाजा खटखटाया और जबरन अंदर घुस गया। वह कुछ समझ पाती इसके पहले ही जान से मारने की धमकी देकर उसके साथ रेप किया। और मौके से फ्ररार हो गया।



**मोहल्ले के युवक ने घर में घुसकर की ज्यादती ,पुलिस ने दबोचा**

### पति गया था धूमा

थाने पहुंची पीड़िता ने बताया था कि आरोपी प्रेम कुमार को वह वर्षो से जानती है। वह उसके मोहल्ले का ही निवासी है और शुरु से ही उसपर नजर रखता था। लेकिन लोकलाज के कारण वह मामले को टाल देती थी। महिला का पति उस समय धूमा गया हुआ था।

### क्षेत्र में हड़कंप

पुलिस ने बताया कि पीड़िता दो बच्चों की माँ है, मामला उजागर होते ही क्षेत्र में हड़कंप मच गया। वहीं मोहल्ले में रहने वाला आरोपी मौके से फ्ररार हो गया था। जिसे पुलिस ने दबोच लिया।

### पनागर में प्रेमी ने प्रेमिका के साथ किया विश्वासघात

जबलपुर, यशभारत। पनागर में एक युवक ने अपनी प्रेमिका के साथ विश्वासघात करते हुए पहले तो उसे शादी के हसीन सपने दिखाए और फिर अपने झूठे प्यार के जाल में फांसकर उसका दैहिक शोषण करता रहा और जब पीड़िता ने शादी का दबाव बनाया तो आरोपी साफ मुकर गया। पीड़िता दो बच्चों की माँ है और करीब दो साल से पति को छोड़कर अलग रह रही थी। जिसके बाद पीड़िता ने थाने पहुंचकर मामले की शिकायत की। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी अनुसार पनागर की एक महिला ने थाने में शिकायत की थी कि मुकेश यादव उम्र 27 साल कसी गांव थाना पनागर का निवासी है। जिसने उससे शादी का वायदा कर, करीब दो साल से शोषण करता रहा और जब उसने शादी कर लेने की बात कही तो मुकर गया। पुलिस ने आरोपी को दबोच लिया है ।जानकारी अनुसार पति को छोड़ देने के बाद महिला अपने दोनों बच्चों के साथ अलग रह रही थी। उसी समय उसकी मुलाकात आरोपी से हुई और कुछ समय बाद दोनों में प्रेम प्रसंग हो गया। आरोपी महिला को विश्वास में लेकर रेप करता रहा। इस घटना के बाद क्षेत्र में सनसनी का माहौल है।

**प्यार के जाल में फांसकर किया दैहिक शोषण**

## दो बच्चों की माँ प्रेमी के साथ भागी
### प्रेमी ने होटल में किया रेप और छोड़ दिया

जबलपुर, यशभारत। जबलपुर के अधारताल में दो बच्चों की माँ के साथ रेप होने की एफआईआर अधारताल में दर्ज की गई है। पीड़िता के घर में तीन और 7 साल के दो बच्चों को छोड़कर वह प्रेमी के साथ छह दिन तक शहर और इंदौर के होटल में साथ रही। वहां से लौटकर उसने अधारताल थाने पहुंच कर प्रेमी के खिलाफ रेप का मामला दर्ज कराया। जानकारी अनुसार 25 वर्षीय महिला की शादी 2014 में उम्र में 8 साल बड़े युवक से हुई थी। दोनों के सात साल का बेटा व तीन साल की एक बेटी है। कुछ समय पहले उसकी मुलाकात भाभी के भाई रंजीत श्रीवास से हुई। दोनों की पहले मोबाइल पर बात होने लगी। 15 दिन पहले रंजीत ने महिला के सामने अपने प्रेम का इजहार किया। महिला के मुताबिक उसने मना किया तो वह बदनाम करने की धमकी देने लगा। महिला के मुताबिक वह रंजीत की धमकी से डर कर उसके कहे बच्चों को घर छोड़कर जबलपुर रेलवे स्टेशन पहुंची। उस समय इंदौर जाने के लिए कोई ट्रेन नहीं थी। रंजीत उसे वहां से रसल चौक स्थित एक होटल ले गया। वहां कमरा लेकर रात नौ बजे तक रुका। इस दौरान उसके साथ रेप किया। रात नौ बजे वह बस पकड़ कर इंदौर चले गए। पीड़िता के मुताबिक आरोपी उसे इंदौर ले गया। वहां एक होटल में उसे पांच दिन तक रखा। इस दौरान उसके साथ रोज शोषण करता रहा। जिसके बाद वह जबलपुर पहुंची। यहां पति ने बताया कि उसके गायब होने पर उसने थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई है। वहां कथन के लिए ले गया। बयान में महिला ने आपबीती सुनाई और रंजीत के खिलाफ रेप का मामला दर्ज कराया। घटनास्थल ओमती क्षेत्र होने के चलते अधारताल पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रेप का मामला दर्ज कर केस डायरी ओमती के लिए रेफ र कर दिया।

### 3 बाइक सवार तस्कर 1 लाख 60 हजार का गांजा कर रहे थे सप्लाई
# जबलपुर में खप रहा दमोह का गांजा

### क्राइम ब्रांच की टीम ने धर दबोचा

**जबलपुर, यशभारत।** बरेला के गौर चौकी के पास ग्राम बरही में दरमियानी रात पुलिस और क्राइम ब्रांच ने दमोह के गांजा तस्कर गिरोह के तीन गुर्गो को उस वक्त दबोच लिया जब वह खेप लेकर दमोह से बाइक में सवार होकर गौर आए थे और सप्लाई देने ग्राहक का इंतजार कर रहे थे। बेखौफ तस्करों का गिरोह पुलिस की कार्रवाई भांपकर भागने लगा, लेकिन पुलिस ने घेराबंदी कर तीन आरोपियों को दबोच लिया। जिनके कब्जे से 16 किलो गांजा बरामद किया है। जिसकी अनुमानित कीमत करीब 1.6 लाख है। पकड़े गए आरोपियों से पूछताछ जारी है।बरेला थाना प्रभारी मुनीश कोल ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि सूर्य प्रताप



लोधी निवासी ग्राह रोहानी थाना नोहटा जिला दमोहछोटू रैकवार, ग्राह रोहानी व ठिन्नू गौड़ तारादेही जिला दमोह निवासी है। जो काफी समय से गांजा तस्करी का काम कर रहे थे। जानकारी अनुसार पुलिस को चकमा देने तीनों आरोपियों ने गौर चौकी के पास ग्राम बरही में माल सप्लाई करने का प्लान बनाया था। तीनों दो बाइक डीलक्स और ग्लैमर में सवार होकर, जिला दमोह से दरमियानी रात यहां पहुंचे थे।

### आखिर कहां से मिला गांजा

तीनों आरोपी दमोह के हैं, पूर्व में भी दमोह से अनेक गांजा तस्करों को जबलपुर पुलिस ने दबोचा है। दमोह से लगातार जबलपुर में गांजा खपाया जा रहा है। पकड़े गए आरोपियों से पुलिस पूछताछ जारी है। कार्रवाई में बरेला थाना प्रभारी मुनीश कोल, गौर चौकी प्रभारी नितिन पांडे, क्राईम ब्रांच में क्राइम ब्रांच की टीम अजय पांटे सहायक उपनिरीक्षक , प्रधान आरक्षक ब्रम्ह प्रकाश प्रधान, आरक्षक राकेश बहादुर, हर्षवर्धन, प्रधान आरक्षक महेन्द्र पटैल,आरक्षक चंद्रशेखर हरदास की टीम ने कार्रवाई को अंजाम दिया।

## चरगवां गंगई बस दुर्घटना
## बस का परमिट- चालक का लायसेंस निरस्त

**जबलपुर, यशभारत।** चरगवां-गंगई मार्ग में मजदूरों से भरी पलटी बस की घटना का दोषी मनाते हुए आरटीओ ने बस का परमिट और चालक का लायसेंस निरस्त कर दिया। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक सिद्वार्थ बहुगुणा के प्रतिवेदन के आधार पर की गई है। मालूम हो कि सुनवारा से जबलपुर की ओर जा रही बस क्रमांक एमपी 20 डी.ए. 0210 के गंगई मोड के पास पलट गई थी जिसमें सवार 47 मजदूर घायल हो गए। इस घटना की जांच पड़ताल में पुलिस को ड्रायवर की लापरवाही सामने आई। बस में सवार यात्रियों ने भी अपने बयान में कहा था कि चालक तेजी गति से बस चला रहा था और क्षमता से अधिक यात्री में सवार थे। घटना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ बहुगुणा द्वारा तत्काल बस का परमिट एवं फिटनेस निरस्त तथा चालक का लाइसेंस निलंबित कराए जाने हेतु आदेशित किए जाने पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण शिवेश सिंह बघेल एवं नगर पुलिस अधीक्षक बरगी सुश्री प्रियंका शुक्ला के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी चरगवां विनोद पाठक द्वारा प्रतिवेदन तैयार कर आरटीओ जबलपुर संतोष पाल को भेजा गया। भेजे गए प्रतिवेदन पर आरटीओ जबलपुर ने तत्काल संज्ञान लेते हुए बस का परमिट एवं फिटनेस निरस्त करते हुए चालक घनश्याम यादव निवासी ग्राम दलसा पिपरिया थाना चरगवां का ड्राइविंग लाइसेंस निलंबित कर दिया गया है।

**एसपी के प्रतिवेदन में आरटीओ ने की कार्रवाई**

अब नये परिवेश में - दीपावली की शुभकामनाएं
आफिस, शोरुम, निवास की सजावट के लिए पर्दा क्लाथ की नई रेंज, गृह शोभा के आइटम
न्यू लक्ष्मी एम्पोरियम
फ्लोरिंग एंड फर्नाशिंग, पर्दा एवं सोफा क्लाथ, वाल पेपर मिंक कम्बल, मैरिज सेट टॉवल, रजाईयां।
दैनिक भास्कर के सामने 3 /15 सिविक सेंटर मढ़ाताल जबलपुर फोन- 0761-2481262, 362
एक बार अवश्य पधारें

लक्ष्मी एम्पोरियम के 38वें वर्ष में प्रवेश
दीपावली की शुभकामनाएं , खरीदी हेतु आमंत्रित
लक्ष्मी एम्पोरियम
लेडीज-जेंट्स शाल स्टाल, कश्मीरी सेमी पेशमीना, जमावार फैंसी रंग डिजाइन, मिंक कम्बल, रजाईयां, मैरिज सैट टॉवल, बेडकवर,
मछरहाई (दुर्गा मंदिर के सामने) 905 जवाहरगंज जबलपुर फोन- 2481229, 2481944
एक बार अवश्य पधारें

अब नई शृंखला के साथ
KARAN SHOES
MALVIYA CHOWK | ANAND CINEMA ROAD NEAR 4th BRIDGE | KATANGA CROSSING | NAYA BAZAR MALVIYA CHOWK

Roasted Food Junction
Badi Omti Chowk
Pure & Tasty AK's Special Jabalpur
गर्मी के मौसम में स्पेशल सत्तू चने का उपलब्ध है। अब हमारे नये शोरूम गोरखपुर में
अशोक कुमार अजित कुमार
गुलाबी चना, मुरमुरा, बोल्ड चना, केला चिप्स, बोल्ड पीनट, मसाला चना, ड्राय मेल, चना जौर गर्म
मो. -9301997304,7987145201

SONY Panasonic INTEX Kurl-on Haier Godrej SAMSUNG USHA PHILIPS & All Product
शादियों के लिए विशेष पैकेज उपलब्ध
आसान किश्तों पर आसान शर्तो पर
बेटी की शादी का पूरा फर्नीचर सागौन द्वारा निर्मित
मिश्रा फर्नीचर्स एण्ड इन्टरप्राइजेज
फर्नीचर्स वारंटी पर उपलब्ध
सरकारी कुंआ, शीतलामाई रोड, जबलपुर फोन नं. 2626496 मो. 9827235010

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं 160/जी, जेडीए योजना क्रमांक 11 सेकेण्ड फेस, शताब्दीपुरम, विवेकानंद वार्ड, जबलपुर से प्रकाशित। सम्पादक श्याम कटारे*। फोन (0761) 2643333, 2646666, फैक्स : 4084085। डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/26/19-21 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/18675. email - jabalpur@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)